डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26


website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 137 | पेज: 8 | जयपुर, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

# सब कुछ थमा, अशांत हो गई बैसरन घाटी


## 27 पर्यटकों का खून माफ नहीं करेगा हिंदुस्तान





● जांच में खुलासा-पहलगाम हमले में 2 लोकल, 3 पाकिस्तानी आतंकी शामिल ● पाक को सबक सिखाने की तैयारी...पीएम निवास में बैठक,शाह, राजनाथ, डोभाल मौजूद ● पहलगाम अटैक के 3 संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी

**श्रीनगर/नईदिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने बर्बरता दिखाते हुए निर्दोष पर्यटकों को नाम और धर्म पूछकर गोलियों से भून डाला। आतंकी हमले के खिलाफ पूरे देश में गुस्सा है, तो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार आतंकवादियों को कड़ी सबक सिखाने की तैयारी में जुट गई है। 27 पर्यटकों का खून माफ नहीं करेगा हिंदुस्तान और आतंकियों और उसके आका पाक को सबक सिखाने की तैयारियां शुरु होगई थी। सुरक्षा मामलों पर कैबिनेट की बैठक प्रधानमंत्री आवास में जारी थी। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ, एनएसए अजित डोभाल मौजूद हैं। जम्मू-कश्मीर में 14 फरवरी 2019 को हुए पुलवामा अटैक के बाद ये सबसे बड़ा हमला है। हमले के कुछ देर बाद श्रीनगर पहुंचे थे गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पहलगाम का एरियल सर्वे किया और बैसरन में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरफोर्स के एक कार्यक्रम में कहा- पहलगाम हमले के विरोध में जोरदार तरीके से एक्शन नजर आएगा। आतंकियों को छोड़ा नहीं जाएगा। उचित समय पर भारत जवाब देगा।



### दरिंदों के स्केच जारी

सुरक्षा और इंटेलिजेंस एजेंसियों ने पहलगाम अटैक के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा बताए गए हैं। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है, जो पाकिस्तान में मौजूद है। इधर, नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी भी जांच के लिए पहलगाम पहुंच गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि हमले में 5 आतंकी शामिल थे। इनमें से दो लोकल और 3 पाकिस्तानी आतंकी थे। पुलिस ने पूछताछ के लिए सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया है।

### राष्ट्रपति समेत कई नेता, अभिनेताओं, खिलाड़ियों ने गहरा दुख जताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा, जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला, पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती, असदुद्दीन ओवैसी, अक्षय कुमार, समेत कई नेता और सेलेब्रिटीज ने आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और दुख वयक्त किया है...। राष्टपति मुर्मू ने कहा- यह एक नृशंस और अमानवीय कृत्य राष्टपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस हमले पर दुख जताया है।

### प्रधानमंत्री ने कहा-

**उनका नापाक मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा** – पीएम मोदी ने कहा– पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इस घिनौने कृत्य के पीछे जो भी लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उनका नापाक मंसूबा कभी कामयाब नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा।



### अमित शाह ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शाह बैसरन घाटी पहुंचे। यहां उन्होंने हमले के पीड़ितों से बातचीत की और अधिकारियों से जानकारी ली। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब का दो दिन दौरा छोड़ बुधवार सुबह भारत लौट आए हैं। वे सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक करेंगे। शाह ने हमले में मारे गए लोगों के लिए मुआवजे का एलान, गृहमंत्री ने की घायलों से मुलाकात की।

## म.प्र.- राजस्थान सहित 14 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

● छत्तीसगढ़ में लू से मजदूर की मौत; 12 राज्यों में आंधी-बारिश

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अगले 5 दिन राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली सहित कई राज्यों में तापमान 5 डिग्री तक बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने बुधवार को दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित 14 राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। इस दौरान कई राज्यों में तापमान 3-5 डिग्री तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में अगले 5 दिन में अधिकतम तापमान 47 डिग्री पहुंचने का



अनुमान है। राजस्थान के 4 जिलों में लू का यलो अलर्ट है। 14 शहरों में मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंच गया था। वहीं, एमपी के 6 जिलों में हीटवेव के आसार है। खजुराहो, नौगांव, पन्ना, सीधी में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रह सकता है। उधर, छत्तीसगढ़ में मंगलवार को बीजापुर-तेलंगाना बॉर्डर पर लू से एक मजदूर की मौत हो गई।

## तुर्किये के इस्तांबुल में 6.2 तीव्रता का भूकंप

● 1 घंटे में भूकंप के 3 बड़े झटके, मरमारा सागर में था भूकंप का केंद्र

**अंकारा (एजेंसी)।** तुर्किये के इस्तांबुल में आज 6.2 तीव्रता का एक बड़ा भूकंप आया। इसका केंद्र इस्तांबुल के पास मरमारा सागर में था। तुर्किये की इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी ने बुधवार को बताया कि भूकंप से अभी तक किसी तरह के नुकसान या चोट की कोई खबर नहीं है।



जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने भी भूकंप की पुष्टि की है और कहा है कि भूकंप जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूंकप से शहर और आसपास के इलाकों में बड़े झटके महसूस किए गए। लोकल मीडिया की रिपोर्ट्स के मुताबिक भूकंप का सेंटर सिलिवरी के नजदीक था, जो तटीय क्षेत्र है और भूकंपीय एक्टिविटी के लिए जाना जाता है।

पहला भूकंप 3.9 तीव्रता का था और स्थानीय समयानुसार 12:13 बजे सिलिवरी जिले के तट पर आया।

दूसरा भूकंप 6.2 तीव्रता का था और स्थानीय समयानुसार 12:49 बजे उसी इलाके में आया।

तीसरा 4.4 तीव्रता का भूकंप स्थानीय समयानुसार 12:51 बजे इस्तांबुल के बुयुकचेकमेस जिले में आया ।

## पाकिस्तान का सैफुल्लाह खालिद पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड

● पीओके से ऑपरेट कर रहा; कहा था- पाकिस्तान सरकार कश्मीर मुद्दा ठंडा न पड़ने दे



**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर आतंकी हमले में अब तक 27 पर्यटक मारे गए और 20 से ज्यादा लोग घायल हैं। पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के यूनिट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इंटेलिजेंस का दावा है कि टीआरएफ आतंकी सैफुल्लाह खालिद पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड है। वह सैफुल्लाह कसूरी के नाम से भी जाना जाता है। सैफुल्लाह लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ है। उसे लश्कर के संस्थापक आतंकी हाफिज सईद का बेहद करीबी माना जाता है। सैफुल्लाह पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के रावलकोट का रहने वाला है। वहीं से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को ऑपरेट कर रहा था। उसने मार्च में एक भाषण दिया था, जिसका वीडियो सामने आया है। इसमें वह सख्त लहजे में पाकिस्तान सरकार से कश्मीर मुद्दा शांत न पड़ने देने की बात कह रहा है। सैफुल्लाह का ये भाषण मार्च 2025 का बताया जा रहा है। हालांकि, इसकी तारीख और लोकेशन का पता नहीं है।

## हरियाणा के लेफ्टिनेंट से लिपटकर रो पड़ी पत्नी

● बोली- आई एम प्राउड ऑफ यू, जय हिंद कहकर सैल्यूट किया



**करनाल (एजेंसी)।** दिल्ली एयरपोर्ट पर पति की पार्थिव देह देखकर पत्नी हिमांशी भावुक होकर लिपट गईं। करनाल में पार्थिव शरीर को ले जाने के लिए फूलों से सजाया वाहन।

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों की गोली से कत्ल हुए करनाल के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की नवविवाहित पत्नी उनकी पार्थिव देह से लिपटकर रो पड़ी। विनय का शव करनाल लाने से पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर लाया गया था। जहां गुरुग्राम की रहने वाली पत्नी हिमांशी ने विनय के लिए कहा- आई एम प्राउड ऑफ यू (मुझे आप पर गर्व है)। हिमांशी ने विनय को सैल्यूट करते हुए जय हिंद कहा।

## आतंकियों ने अभी ही क्यों किया कश्मीर हमला

● मोदी सऊदी में थे, अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत में है, ट्रेन चलने वाली, क्या पाक सेना प्रमुख ने पहले ही दिया संकेत



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 22 अप्रैल 2025 को जब पीएम नरेंद्र मोदी सऊदी अरब दौरे पर थे और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत में मौजूद थे, उसी दिन जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने बड़ा हमला कर दिया। 25 साल पहले जब अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भारत आए थे, तब भी ऐसा आतंकी हमला हुआ था। सवाल उठता है कि कश्मीर में अभी हमला होना क्या सिर्फ एक संयोग है या आतंकियों की सोची-समझी रणनीति।

## कश्मीरी बोले- टूरिस्ट नहीं लौटे तो बर्बाद हो जाएंगे

● टेरर अटैक के बाद घाटी खाली- बुकिंग्स कैंसिल; लौट रहे पर्यटक




**श्रीनगर (एजेंसी)।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 27 टूरिस्ट की जान ले ली। यही बात सबसे हैरान करने वाली है। जम्मू-कश्मीर में सैकड़ों आतंकी हमले हुए, लेकिन टूरिस्ट कभी टारगेट नहीं रहे। इसकी वजह थी कि कश्मीर घूमने आने वालों से ही कश्मीरियों के घर चलते हैं। और आतंकी भी ये बात जानते हैं। टूरिस्ट अब कश्मीर छोड़ रहे हैं। बुकिंग कैंसिल करवा रहे हैं। टूरिज्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग यही सोच रहे हैं कि मुश्किल से पटरी पर आ रहा उनका कारोबार इस झटके से कैसे उबरेगा। हालांकि उनका कहना कि हमें पता था ऐसी घटना के बाद ये होगा।

### पहलगाम अटैक पर पाकिस्तान को थैंक यू बोलने वाला गिरफ्तार

पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद बोकारो पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक ने हमले के बाद सोशल मीडिया एक्स पर पाकिस्तान को थैंक्यू लिखा था। युवका का नाम मो. नौशाद है। उसके पिता का नाम मो मुश्ताक है। चास थाने की पुलिस ने उसे मिल्लतनगर से अरेस्ट किया है

## पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले का विरोध

● प्रदर्शनकारियों ने एसएससी चेयरमैन को 40 घंटे ऑफिस में बंद रखा; कोलकाता हाईकोर्ट में सुनवाई आज


**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में डब्ल्यूबीएसएससी के मुख्यालय का घेराव कर रहे प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने आयोग के चेयरमैन सिद्धार्थ मजूमदार को 40 घंटे बाद कार्यालय से जाने दिया। सिद्धार्थ मजूमदार 21 अप्रैल की रात से ही मुख्यालय के अंदर फंसे हुए थे। मजूमदार को 2016 SSC भर्ती परीक्षा की OMR शीट पेश करने से संबंधित सुनवाई के सिलसिले में बुधवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में पेश होना है। प्रदर्शनकारियों ने कहा, हमारा धरना जारी रहेगा। अदालती कार्यवाही के बाद मजूमदार के कार्यालय लौटने पर उनका फिर से घेराव किया जाएगा।



कलकत्ता हाई कोर्ट बुधवार को पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षा विभाग के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें दावा किया गया है कि सरकार ने 26,000 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की ओएमआर शीट अपलोड नहीं की है। शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने 22 अप्रैल को SSC अध्यक्ष से मुलाकात की। योग्य शिक्षक फोरम के प्रवक्ता चिन्मय मंडल ने बैठक के कहा- एसएससी ने 15,403 शिक्षकों के योग्य होने की बात कही है, जो संतोषजनक है। दरअसल, योग्य शिक्षकों की सूची जारी नही करने को लेकर गुस्साए हजारों शिक्षक अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे है।

## पाकिस्तान को सता रहा एयरस्ट्राइक का डर

● भारत के एक्शन के डर से टेंशन में पाकिस्तान, रातभर जागे रहे सेना के अधिकारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद से पूरा देश आक्रोशित है। सरकार ने साफ कर दिया है कि इसके हमले को अंजाम देने वाले किसी भी आतंकी को बख्शा नहीं जाएगा। उधर पहलगाम हमले के बाद से ही पाकिस्तानी सेना में दहशत फैल गई है। पाकिस्तान को डर सता रहा है कि भारत हमले का बदला लेने के लिए एयर स्ट्राइक कर सकता है। पाकिस्तानी सेना में सीमा पार अलर्ट जारी किया हुआ है और पाक सेना के अधिकारी इसी आशंका के चलते रात भर जगे रहे।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## बाजार में डर

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर की वजह से वैश्विक मंदी के डर के साथ दुनिया भर में अनिश्चितता का माहौल है। अमेरिकी शेयर बाजार इस कदर खौफजदा है कि पिछले हफ्ते वहां का बेंचमार्क इंडेक्स S&P 500 9.1% गिर गया, जो मार्च 2020 में कोरोना वायरस की दहशत के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। S&P 500 इस साल फरवरी के पीक से 17% से अधिक गिर चुका है। 20% से अधिक गिरावट आने पर बाजार मंदी में चला जाता है।

मार्केट में दहशत: इसका असर सोमवार को दुनिया के दूसरे बाजारों पर भी दिखा। हॉन्गकॉन्ग में बेंचमार्क इंडेक्स 12% से नीचे बंद हुआ, तो ताइवान का बाजार 10% नीचे। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स करीब 8% फिसल गया, जबकि दक्षिण कोरिया 5% से नीचे बंद हुआ। भारत में बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 3% से अधिक फिसला, वह भी तब जबकि इसमें पिछले साल अक्टूबर से ही गिरावट आ रही है।

पॉवेल से मदद नहीं: अमेरिका में दशकों से यह ट्रेंड रहा है कि जब भी निवेशक संकट में होते हैं, वहां का केंद्रीय बैंक किसी न किसी तरह की मदद करता आया है, लेकिन इस बार ऐसे कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चीफ जेरोम पॉवेल ने पिछले शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ अनुमान से अधिक हैं और उसका अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा, यह समझने में वक्त लगेगा। यानी केंद्रीय बैंक की ओर से कोई मदद नहीं मिलने जा रही।

स्टीमुलस से आशा: ट्रंप के टैरिफ का दुनिया के दूसरे देशों पर क्या असर होगा, इसका अंदाजा लगने में भी वक्त लगेगा। इसलिए मार्केट के जानकार फिलहाल निवेशकों को इस अनिश्चितता के दूर होने का इंतजार करने की सलाह दे रहे हैं। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से बताया कि चीन में अमेरिकी टैरिफ के असर से इकॉनमी को बचाने के लिए शी चिनफिंग सरकार स्टीमुलस पैकेज लाने की सोच रही है।

ज्यादा असर नहीं: भारत में हाल की तिमाहियों में कंजम्पशन डिमांड पर दबाव दिखा था, जिसमें इधर रिकवरी के संकेत मिले हैं और आने वाले वक्त में इसमें और सुधार होने की उम्मीद है। दूसरी बात यह है कि ट्रंप के टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत असर नहीं होगा और इसके असर से बचने के लिए भारत सरकार अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत कर रही है। भारत पर टैरिफ भी दूसरे एशियाई देशों की तुलना में कम लगा है।

# 'जय श्री राम' का नारा लगवाकर घिरे तमिलनाडु के राज्यपाल




तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। सुप्रीम कोर्ट से हाल ही में फटकार झेलने के कुछ ही दिनों बाद, 12 अप्रैल को मदुरै के त्यागराज इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्रों से 'जय श्री राम' के नारे लगवाए। यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और विपक्षी दलों ने इसे संविधान की आत्मा के खिलाफ बताते हुए राज्यपाल के इस्तीफे की मांग कर दी।

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि 12 अप्रैल 2025 को मदुरै के त्यागराज इंजीनियरिंग कॉलेज के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने साहित्य प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार बांटे और वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया।

इस वीडियो पर तमिलनाडु के स्टेट प्लेटफॉर्म फॉर कॉमन स्कूल सिस्टम यानी SPCSS-TN ने कहा कि राज्यपाल आरएन रवि ने अपने पद की शपथ का उल्लंघन किया है। SPCSS-TN के बयान की 3 प्रमुख बातें...

आरएन रवि ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 159 के तहत शपथ ली है और अपनी शपथ में उन्होंने प्रतिज्ञा ली कि वे अपनी पूरी क्षमता से संविधान और कानून का संरक्षण, सुरक्षा और बचाव करेंगे। वे तमिलनाडु के लोगों की सेवा और भलाई के लिए खुद को समर्पित करेंगे।

राज्यपाल को कॉलेज में साहित्यिक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देने के लिए मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया था। उन्हें किसी खास धर्म के प्रचारक के तौर पर आमंत्रित नहीं किया गया था। उन्हें धार्मिक उपदेश देने के लिए नहीं कहा गया था।

राज्यपाल रवि तमिलनाडु के स्कूलों और कॉलेजों में अपनाए जाने वाले पाठ्यक्रम और सिलेबस से अनजान हैं। अपनी अज्ञानता और अहंकार के कारण वह शांति भंग करने और एक समूह को दूसरे के खिलाफ भड़काने के उद्देश्य से गलत विचारों का प्रचार कर रहे हैं।

वहीं, DMK प्रवक्ता धरणीधरन ने कहा, 'यह देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के खिलाफ है। राज्यपाल बार-बार संविधान का उल्लंघन क्यों करना चाहते हैं? उन्होंने अभी तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया है? वह आरएसएस के प्रवक्ता हैं। हम जानते हैं कि उन्होंने देश के संघीय सिद्धांतों का उल्लंघन कैसे किया और सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें उनकी जगह कैसे दिखाई है।'

संवैधानिक पदों को भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। यह पद देश के शासन, न्याय और प्रशासन को बेहतर तरीके से चलाने के लिए बनाए गए हैं। इन पदों पर बैठे लोगों कh विशेष शक्तियां और जिम्मेदारियां होती हैं और उन्हें संविधान द्वारा सुरक्षा दी जाती है।

मसलन- इनमें से कुछ पदों पर बैठे व्यक्ति को सिर्फ संसद के विशेष प्रस्ताव यानी महाभियोग से ही हटाया जा सकता है। संविधान के अनुच्छेद 52, 74, 124, 148 में संवैधानिक पदों का उल्लेख किया गया है।

संविधान विशेषज्ञ और लोकसभा के महासचिव रहे पीडीटी आचार्य बताते हैं, 'भारत एक सेक्युलर देश है और सेक्युलरिज्म भारत के संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर में है। राष्ट्रपति, राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर बैठे लोग संविधान की रक्षा की शपथ लेते हैं, इसलिए उन्हें एक खास धर्म की बातें या नारे सार्वजनिक तौर पर नहीं कहना चाहिए।'

संविधान के जानकार और मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव भगवानदेव इसरानी कहते हैं...

भारत में जब भी किसी व्यक्ति को संवैधानिक पद मिलता है, तो उन्हें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 159 के तहत शपथ दिलाई जाती है। इसमें वे प्रतिज्ञा लेते हैं कि संविधान की रक्षा करेंगे और उल्लंघन नहीं करेंगे।

भारत के संविधान में अलग-अलग जगहों पर सेक्युलर और सेक्युलरिज्म का जिक्र है। संविधान की उद्देशिका में भी 'सेक्युलर' शब्द का इस्तेमाल किया गया है। संविधान के आर्टिकल 25, 26, 27 और 28 नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देते हैं। ऐसे में संवैधानिक व्यक्ति और सरकार किसी भी धर्म का प्रचार या पक्ष नहीं ले सकते। ये उनकी नैतिक बाध्यता है।

26 जनवरी 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था, तब इसमें 'सेक्युलर' यानी 'धर्मनिरपेक्ष' का कहीं उल्लेख नहीं किया गया, लेकिन 1976 में 42वें संविधान संशोधन में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'सेक्युलर' शब्द जुड़वा दिया, जिसका हिंदी में अर्थ 'धर्मनिरपेक्ष' नहीं बल्कि 'पंथनिरपेक्ष' लिखा गया।

'धर्मनिरपेक्ष' का मतलब है कि राज्य किसी भी धर्म को प्राथमिकता नहीं देता और धर्म से अलग रहकर काम करता है। जबकि 'पंथनिरपेक्ष' का मतलब होता है कि सरकार किसी भी पंथ या संप्रदाय के लिए पक्षपात नहीं करती और सभी को समान रूप से देखती है। यानी सरकार किसी खास धार्मिक गुट यानी शैव, वैष्णव, शिया या सुन्नी का पक्ष नहीं लेगी।

पॉलिटिकल एक्सपर्ट रशीद किदवई कहते हैं, 'किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की पंथनिरपेक्षता उसका व्यक्तिगत फैसला है। पहले पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और अब नरेंद्र मोदी या योगी आदित्यनाथ का धर्म को लेकर अलग-अलग नजरिया है। संविधान में धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेना या न लेने का जिक्र नहीं है। पहले धार्मिक गतिविधियों को संविधान के खिलाफ समझा जाता था और अब इसे संवैधानिक पद पर रहते हुए किया जाता है।'

रशीद किदवई कहते हैं, 'भारत की राजनीति के कई दौर रहे। पहले सेक्युलरिज्म को महत्व दिया जाता था और अब हिंदुत्व को, यानी जिसकी लाठी उसकी भैंस। धर्म के नाम पर राजनीति चरम पर है। इस कारण इसका जमकर फायदा उठाया जा रहा है। संविधान में इसका जिक्र नहीं होना सोने पर सुहागा हो गया है।'

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि संवैधानिक पद पर पदस्थ व्यक्ति को न्यूट्रल रहना चाहिए। उसे किसी धार्मिक गतिविधि, आयोजन या धार्मिक स्थलों पर नहीं जाना चाहिए। इससे अन्य धर्मों के लोगों में गलत संदेश जाता है। इससे ऐसा लगता है कि वह व्यक्ति किसी खास धर्म का प्रचार कर रहा है। इससे जुड़ा एक किस्सा भी है...

वरिष्ठ पत्रकार दुर्गा दास की किताब 'इंडिया फ्रॉम कर्जन टु नेहरू' के मुताबिक, मई 1950 में तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को गुजरात के सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन पर जाने का निमंत्रण मिला, लेकिन तब के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इस पर एतराज जताया। नेहरू का मानना था कि राष्ट्रपति के किसी मंदिर के कार्यक्रम में जाने से दूसरे धर्म के लोगों में गलत संदेश जाएगा। लेकिन प्रसाद नेहरू की इच्छा से सहमत नहीं हुए।

आरएन रवि पहले भी कई बड़े विवादों में घिर चुके हैं...

विधानसभा से वॉकआउट: जनवरी 2023 में राज्यपाल रवि ने तमिलनाडु विधानसभा के उद्घाटन सत्र में राज्य सरकार के भाषण को पढ़ने से इनकार कर दिया और सदन से वॉकआउट कर गए। इस घटना को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने लोकतांत्रिक परंपराओं का उल्लंघन बताया।

राष्ट्रगान विवाद और वॉकआउट: 6 जनवरी 2024 को राज्यपाल ने विधानसभा सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान न बजाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सत्र की शुरुआत और अंत दोनों में राष्ट्रगान बजाया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार के अभिभाषण के कुछ हिस्सों को नैतिक और तथ्यात्मक आधार पर अस्वीकार करते हुए भाषण पूरा नहीं किया और सदन से वॉकआउट कर गए।

सरकार ने राज्यपाल हटाने की मांग की: 2022 में सीएम एमके स्टालिन की पार्टी DMK ने राष्ट्रपति से राज्यपाल रवि को हटाने की मांग की थी। स्टालिन सरकार ने राज्यपाल रवि को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका लगा चुकी है। हालांकि, 3 जनवरी 2025 को याचिका खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हम इस तरह के मामले में कोई आदेश नहीं दे सकते हैं।'

सुप्रीम कोर्ट से फटकार: 8 अप्रैल 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध बताया और कहा, 'विधानसभा से पास बिल पर राज्यपाल एक महीने के भीतर कदम उठाएं।' तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने गवर्नर आरएन रवि के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। स्टालिन सरकार ने कहा, 10 बिलों को बिना कारण बताए विधानसभा लौटा दिया है। वहीं 2 बिलों को राष्ट्रपति के पास भेज दिया है।

राज्यपाल के पक्षकारों की तरफ से 2 तर्क दिए जा सकते हैं। पहला- राज्यपाल ने गैर-शासकीय कार्यक्रम में यह नारा लगवाया, जिससे संविधान का कोई उल्लंघन नहीं होता। दूसरा- कार्यक्रम का विषय कम्ब रामायमणम था, जिसमें नारा लगवाते हुए कहा कि राम के महान भक्त को श्रद्धांजलि दी जानी चाहिए।

आतंकी हमला
मनोज कुमार अग्रवाल



## नहीं बदली जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथियों की बर्बर मानसिकता

एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने के सरकारी दावों को पलीता लगाते हुए पाकिस्तान समर्थित चरमपंथी आतंकियों ने 28 बेगुनाह पर्यटकों की हत्या को अंजाम देकर समूचे देश को झकझोर दिया है। लंबे समय बाद जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ है, 28 से ज्यादा पर्यटकों की मौत की आशंका है। इस हमले को तीन आतंकियों ने अंजाम दिया है जिनके तार टीआरपीएफ से जुड़े हुए हैं, इस संगठन को लश्कर का ही प्रॉक्सी बताया जाता है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक दहशतगर्दों ने 50 राउंड फायरिंग की थी, कुछ रिपोर्ट्स में यहां तक दावा हुआ है कि लोगों से उनका मजहब पूछकर मारा गया। जाहिर है सदियां बदली, तारीखें बदलीं लेकिन इक्कीसवीं सदी में भी कुछ जुनूनी मजहब के अंधे चरमपंथी की बर्बर मानसिकता नहीं बदली जो कभी हमास, कभी तालिबान तो कभी लश्कर तैयबा का मुखौटा लगा कर बेगुनाहों का मजहब पूछकर खून की होली खेलते हैं। जरूरत इस बर्बर मानसिकता के इलाज की है। बता दें कि आतंकियों ने पहलगाम जैसे टूरिस्ट स्पॉट को ही हमले के लिए क्यों चुना? इसके पीछे एक बड़ी वजह आने वाले दिनों में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के श्रद्धालुओं में दहशत फैला कर यात्रा में बाधा उत्पन्न करना है। दूसरी वजह अमेरिकी उपराष्ट्रपति के भारत दौरे के दौरान इस तरह की खूनी वारदात कर कश्मीर के मुद्दे को विश्वमंच पर जिंदा रखने की पाकिस्तान की साजिश है। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम इलाका जंगलों से घिरा हुआ है, यह काफी ऊंचाई पर स्थित है। अब वैसे तो पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों की भारी तैनाती दिखती है, लेकिन पहलगाम एक ऐसी जगह है जहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में कम सिक्योरिटी रहती है। पहलगाम आए पर्यटक खुद बता रहे हैं कि जब हमला हुआ, कोई फोर्स उस समय वहां नहीं थी, लोग ही एक-दूसरे की भागने में मदद कर रहे थे। जाहिर है कि सरकार कुछ भी दावा करे लेकिन सुरक्षा में भारी कोताही और सजगता में चूक ही इस आतंकी हमले के पीछे एक बड़ी वजह बनी है। दरअसल लंबे समय से आतंकवाद पर नियंत्रण के बाद कहीं न कहीं सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता में थोड़ा ढील बनी और आतंकी इसी का फायदा उठाकर हिन्दू पर्यटकों के साथ खून की होली खेलने में कामयाब हो गए। बताया गया कि इस आतंकी हमले के एक घंटे बाद सुरक्षाबल वहां आने शुरू हुए, इलाके को कंट्रोल में लिया गया। लेकिन आतंकियों को इस पूरे इलाके की भनक थी, उन्हें भी पता था कि यहां दूसरे क्षेत्रों की तुलना में सुरक्षा कम है। पहलगाम के जिस इलाके में हमला हुआ है, वहां पर वाहन भी नहीं जाते हैं, पर्यटक खच्चर के जरिए ही वहां तक पहुंचते हैं, इसे ट्रैक वाला इलाका माना जाता है। ये सारी जानकारी भी इन दहशतगर्दों को पहले से थी।

माना जा रहा है कि इसी वजह से टूरिस्ट सीजन में पहलगाम को निशाना बनाया गया। वहीं यह इलाका जंगलों से घिरा होने से आतंकी वहां से आए और वहीं से भाग भी गए। पहलगाम को निशाना बनाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि अमरनाथ यात्रा के रूट में यह क्षेत्र पड़ता है। ऐसे में आतंकी हमला कर ना सिर्फ पर्यटकों के मन में डर पैदा करने की कोशिश हुई है बल्कि सरकार को भी सीधी चुनौती दे दी गई है। समझने वाली बात यह भी है कि जम्मू-कश्मीर की सबसे ज्यादा आय पर्यटन के जरिए आती है, जितना टूरिस्ट घाटी में आता है, उतना ही जम्मू-कश्मीर का विकास भी होता है। लेकिन कश्मीरियों और कश्मीर का विकास इन आतंकियों की सबसे बड़ी हार है। ऐसे में उसे खत्म करने के लिए ऐसे कायराना हमले पहले भी किए जा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों पर हुआ ये अब तक का सबसे बड़ा हमला है। इससे पहले भी घाटी में टूरिस्ट्स को निशाना बना भय का माहौल बनाने की कोशिश हुई है। बहरहाल, इस बेहद बर्बरता व कायरता भरे आतंकी हमले में जिस तरह आंतकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछा मजहबी आयत बोलने के लिए कहा और नहीं बोलने पर गोलियों से भून दिया, यह समूचे विश्व में कथित शांति का पैगाम देने वाले मजहब पर भी गहरा बदनुमा दाग लगाता है। जरूरत इस बात की है कि ऐसे बर्बर क्रूर शैतानों को जल्द से जल्द उनके कृत्य का अंजाम दिया जाए और सरकार ऐसा सबक सिखाए कि आतंकियों की सात पुश्तें भी भविष्य में ऐसी घिनौनी अमानवीय हरकत को दोहराने की हिम्मत न कर सके। जरूरत इस बात की भी है कि दुनिया भर का इस्लामी नेतृत्व आतंकियों की इस बेहद शर्मनाक बर्बर और अमानवीयता भरी क्रूरता की खुले मंच पर निंदा करे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें। राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## ताज की बढ़ी सुरक्षा



उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजमहल पर मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षाकर्मी चौकसी बरत रहे हैं। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे।

## आज की पाती

### सुरक्षा में लापरवाही

पहलगाम में पर्यटकों पर जो आतंकी हमला हुआ और इस हमले में जो हंसते-खेलते परिवार उजड़े, इस खबर को सुनकर हर कोई दुखी हुआ। कोई किसी धर्म का पत्थर दिल का ही व्यक्ति होगा जो इस हमले की खबर सुनकर भावुक न हुआ हो। जिसने भी यह दिल दहलाने वाली खबर सुनी, वो यह सोचने पर मजबूर हो गया कि नापाक आतंकवाद का घिनौना खेल आखिर कब रुकेगा? इस पर क्या लिखा जाए, कुछ समझ नहीं आ रहा। 22 अप्रैल का दिन हमेशा अब काले दिवस के रूप में याद किया जाएगा क्योंकि इस दिन निहत्थे और बेकसूर लोग आतंकवाद का शिकार हुए। इस हमले ने पुलवामा में वर्ष 2019 के उन जख्मों को हरा कर दिया जब आतंकी हमले में लगभग 40 जवान शहीद हो गए थे। पहलगाम के आतंकी हमले से यह सीख मिली है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था में अभी खामियां हैं। *-राजेश चतुर्वेदी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### भारत का पलटवार



भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने का निर्णय आक्रामक कूटनीति के नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि इस संधि को निलंबित करना भारत का "पलटवार" है क्योंकि जल सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई है।
**-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम**

### आतंकवादी हमले की निंदा



मैं जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं। यह हिंसा का एक मूर्खतापूर्ण और खौफनाक कृत्य है, जिसमें निर्दोष नागरिक और पर्यटक मारे गए व घायल हुए हैं। कनाडा इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है।
**-मार्क कार्नी , पीएम, कनाडा**

### पंचायती राज दिवस



देश के सभी मुखियाओं, पंचों और स्थानीय निकायों के सदस्यों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई। महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को राजीव गांधी जी ने सशक्त पंचायती राज के ज़रिए साकार किया।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### अमानवीय कृत्य



यह एक अमानवीय कृत्य है। बेगुनाह पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मारना। हमारी संवेदनाएं उनके प्रियजनों के साथ हैं। हम आतंकवादियों को भी उतनी ही बेरहमी से जवाब देने की मांग करते हैं। **-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

### बुद्ध के दंत दर्शन के लिए यात्रा करने से बचे श्रद्धालु



पुलिस ने बृहस्पतिवार को श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मध्य श्रीलंका में बुद्ध के दंत अवशेष के दुर्लभ दर्शन के लिए तीर्थस्थल की यात्रा करने से बचें। पुलिस की यह अपील ऐसे समय में आई है जब कई दिनों से कतार में खड़े एक व्यक्ति के बीमार पड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और बुधवार को हृदय गति रुकने से उसकी मौत हो गई। बुद्ध के दंत अवशेष के दर्शन के लिए कोलंबो से लगभग 120 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में कैंडी में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हुई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुदथ मसिंघा ने कहा, 'हम आपसे अपील करते हैं कि कृपया आज और कल दर्शन के लिए यात्रा न करें।' कैंडी के मंदिर में बुद्ध के दंत अवशेष को दर्शन के लिए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के अनुरोध पर 16 साल बाद रखा गया है। हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु इस अवशेष की पूजा करने के लिए आ रहे हैं और कतारें कई मील तक फैली हुई हैं। एक सप्ताह पूर्व बुद्ध के दंत अवशेष को श्रीलंका लाया गया था। इसके पश्चात दंत अवशेष को दर्शनार्थियों के लिए रखा गया।

## ऑफ बीट

### महिला अनुसंधानकर्ताओं की दशकों से हो रही अनदेखी



फ्लोरेंस बेल ने करीब 80 साल पहले डीएनए की संरचना की खोज का आधार तैयार करके 20वीं सदी के विज्ञान में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया था। हालांकि, जब 23 नवंबर, 2000 को उनकी मृत्यु हुई तो उनके मृत्यु प्रमाणपत्र पर व्यवसाय के सामने 'गृहिणी' लिखा था। यह महिला अनुसंधानकर्ताओं के साथ असमानता का इकलौता उदाहरण नहीं है। दशकों बाद भी महिला शोधकर्ताओं की अनदेखी की जाती है। अध्ययन बताते हैं कि व्यवस्था में गहरी पैठ बनाए हुए समस्याओं की वजह से महिलाएं या तो विज्ञान के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ पातीं या इससे बाहर हो जाती हैं। लेकिन यह स्थिति अपरिहार्य नहीं है। इसका मतलब यह है कि शिक्षाविदों पर हरसंभव अधिक से अधिक शोधकार्य प्रकाशित करने का दबाव है, भले ही गुणवत्ता प्रभावित हो। शैक्षणिक क्षेत्र में महिलाएं यथासंभव अंशकालिक रूप से काम करती हैं, शिक्षण कार्य करती हैं और अतिरिक्त प्रशासनिक कामकाज करती हैं। इसका मतलब हुआ कि महिला अनुसंधानकर्ताओं को अपने अनुसंधान पर ध्यान देने के लिए, अन्वेषण करने के लिए और उनके बारे में प्रकाशन के लिए कम समय मिलता है।

रॉयल पत्रिका

# अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ - भजनलाल शर्मा

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बजट 2025-26 में राजस्थान को आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकासोन्मुखी बनाने का रोडमेप तैयार किया गया है। बजट में राज्य की सभी 200 विधानसभाओं के विकास के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण पूर्ण जिम्मेदारी से काम करते हुए तय समय में बजटीय घोषणाओं की क्रियान्विति सुनिश्चित करें जिससे 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की संकल्पना को गति मिल सके।

शर्मा गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न घोषणाओं की प्रगति की। शर्मा ने विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बजटीय घोषणाओं की प्रगति का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित कर रही है जिससे जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे।

**विभाग मॉनिटरिंग कर मुख्यमंत्री कार्यालय में भेजें नियमित प्रगति रिपोर्ट—**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पहली बार प्रस्तुत ग्रीन बजट से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश को हरित राजस्थान बनाए रखने के लिए सार्वजनिक व निजी क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों के माध्यम से ग्रीन ऑडिट करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत राज्य में करोड़ों की संख्या में पौधारोपण किया गया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में पारिस्थितिकी संतुलन के लिए जन जागरूकता बढ़ाई जाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राजीविका मिशन के तहत 20 लाख महिलाओं को लखपति दीदी योजना से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने सहकारिता विभाग एवं राजीविका को आपसी समन्वय बनाते हुए काम करने के निर्देश दिए जिससे सहकारी बैंक भी मजबूत होंगे तथा महिलाओं को भी आर्थिक संबल मिलेगा।

**आयुष्मान राजस्थान हमारा संकल्प—**

शर्मा ने कहा कि आयुष्मान राजस्थान की संकल्पना को पूरा करने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने समस्त



जिला चिकित्सालयों में डे-केयर सेंटर बनाने एवं डायबिटिक क्लिनिक स्थापित करने सहित स्वास्थ्य विभाग की अन्य बजटीय घोषणाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा इन्हें समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि 5 हजार उचित मूल्य की दुकानों पर अन्नपूर्णा भंडार खोलने के लिए तेज गति से काम करें। साथ ही, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजीविका से सामन्जस्य स्थापित कर उनके उत्पादों की बिक्री तथा ब्रांडिंग को भी बढ़ावा दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजटीय घोषणाओं की स्पष्ट कार्ययोजना बनाई जाए जिससे तय समय सीमा में घोषणाएं धरातल पर उतर सके। उन्होंने कहा कि विभाग अपनी बजटीय घोषणाओं की प्रगति रिपोर्ट तैयार कर मुख्यमंत्री कार्यालय में नियमित रूप से भेजें। मुख्यमंत्री ने जिन विभागों में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, उन्हें सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में तेजी लाई जाए एवं नियमित मॉनिटिरिंग की जाए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जल संसाधन, वित्त, वन, पर्यावरण, ग्रामीण विकास, राजस्व, स्वायत्त शासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खान एवं पेट्रोलियम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सहकारिता, कार्मिक, स्कूल शिक्षा, गोपालन, पंचायतीराज, श्रम एवं उद्यानिकी जैसे प्रमुख विभागों की बजटीय घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान में पर्यटक फ्रेंडली और सुरक्षित वातावरण निर्माण के लिए पुलिस करे पर्यटकों से संवेदनशील व्यवहार- दिया कुमारी



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में पर्यटन शासन सचिव रवि जैन की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थिति में गुरुवार को शासन सचिवालय में पर्यटक सुरक्षा विषय पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें पर्यटक सहायता बल के सुदृढ़ीकरण से सम्बंधित बिन्दओं पर चर्चा की गई।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बैठक में निर्देश दिए कि राजस्थान में पर्यटक फ्रेंडली और सुरक्षित वातावरण निर्माण के लिए पुलिस पर्यटकों से संवेदनशील होकर व्यवहार करें, एवं सुरक्षा के मानदंडों का अनुसरण करें।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। पर्यटकों की सुविधाएं और सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कार्य करने से निश्चित ही राजस्थान में आने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

उपमुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान पर्यटक सहायता बल की पर्यटक स्थलों पर तैनाती उनके कार्यों, वर्तमान परिदृश्य में पर्यटकों के साथ होने वाले घटनाओं एवं उनकी समस्याओं को सुलझाने, पर्यटक स्थलों पर टिकिटिंग एवं प्रवेश द्वार पर विशेष चैंकिग के लिये मेटल डिटेक्टर लगवाने, पर्यटकों के साथ बार-बार घोखाधड़ी करने वाले ट्यूर ऑपरेटरों एवं होटल मालिकों को ब्लेकलिस्ट करने, राज्य के बाहर से आने वाले पर्यटकों को पुलिस द्वारा संवेदनशीलता से व्यवहार किये जाने जैसे बिन्दओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटक थानों के सुपरविजन एवं राज्य पुलिस के जवान प्रतिनियुक्ति पर लिये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में आनन्द कुमार त्रिपाठी, अति. निदेशक (विकास), ललित कुमार, विशेषाधिकारी उप मुख्य मंत्री महोदया, उपेन्द्र सिंह, शेखावत उप निदेशक, टीआरसी जयपुर, विजय सेहरा, उप निदेशक (टैफ) जयपुर, मानसिंह राठौड, कॉर्डिनेटर (टैफ) जयपुर उपस्थित रहें।

# पंचायती राज. स्थापना दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ




मनोहरपुर, (रॉयल पत्रिका)। आमेर में पंचायती राज. स्थापना दिवस' पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें राजीव गांधी पंचायती राज संगठन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सी .बी. यादव की मौजूदगी में उनके आह्वान पर संपूर्ण राजस्थान में पंचायती राज दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम रखे गए जिनमें जिला जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष नंदलाल गोठवाल के नेतृत्व में आमेंर विधानसभा में भी स्वराज संवाद का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस में आमेर समन्वयक मजीद पठान, ब्लॉक अध्यक्ष तेजपाल शर्मा, सलीम अली, पुर्व प्रधान चौमूं, भगवान सहाय धासील समन्वयक चौमूं, विधानसभा कैलाश चंद अटल ब्लॉक अध्यक्ष चौमूं, पूर्वी रामपाल पींगोलिया ब्लॉक अध्यक्ष चौमूं, पश्चिम, डॉ.पीडी यादव गोविंदगढ़, नंदलाल पूर्व सरपंच धोबलाई, राधेश्याम नागर, नंछू राम नागर, शंकर लाल जी डागर, राजू लाल, अशोक, जिला सचिव अमर हल्दुनीया, शाहपुरा ब्लॉक बी उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद बुनकर, घनश्याम सैनी पार्षद, इमरान खान, कमरुद्दीन खान, शशि कांत शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष जमवारामगढ़, चांद, नूर, समसुद्दीन, शाबीर, रईस, अनवर, ताहिर सलीम, जाहिद सलीम अली, सरिता शर्मा गणमान्य लोग मौजूद रहे। पंचायती राज दिवस कार्यक्रम मनाया गया।

# 'जम्हूरियत' में समीर खान और तस्लीम शेख़ की कास्टिंग का कमाल, लोकल टैलेंट को मिला नेशनल प्लेटफॉर्म

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। हाल ही में जयपुर और आस के क्षेत्रों में बहुचर्चित वेब सीरीज़ जम्हूरियत की शूटिंग का शेड्यूल पूरा हुआ। इस सीरीज में सैफ अली खान एक इंडियन फ्रीडम फाइटर के किरदार में नज़र आएंगे, जबकि प्रतीक गांधी एक पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका में एंव प्रियांशु चटर्जी भी एक अहम खास भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म की कहानी आज़ादी के बाद देश में हुए पहले आम चुनाव पर आधारित है। इस वेब सीरीज की शूटिंग राजस्थान के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों पर की गई है। सरताज इवेंट एंड फिल्म प्रोडक्शन के कास्टिंग डायरेक्टर समीर खान ने जानकारी देते हुए बताया कि शूटिंग जयपुर, मंडावा, रघुनाथगढ़, मुकुंदगढ़, सांभर, सामोद पैलेस और ताले जैसी जगहों पर करीब एक से डेढ़ महीने चली।

राजस्थानी कलाकारों को मिला मौका



समीर खान ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में जयपुर और आसपास के इलाकों से कई जूनियर और फीचर आर्टिस्ट को कास्ट किया गया है।

उन्होंने कहा राजस्थान के लोकल टैलेंट को बढ़ावा देना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट्स में मौका देना हमारे लिए गर्व की बात है। इस सीरीज में कास्टिंग डायरेक्टर के तौर पर समीर खान और तस्लीम शेख ने मिलकर काम किया। प्रोडक्शन टीम में अरबाज़ खान (लाइन प्रोड्यूसर) साथ ही मोहम्मद शाकिर, अली खान और निक्का सिंह जैसे नाम शामिल हैं जिन्होंने इस प्रोजेक्ट को ज़मीन पर उतारने में अहम भूमिका निभाई। कलाकारों की दमदार परफॉर्मेंस के साथ साथ, राजस्थान के खूबसूरत लोकेशन भी इस वेब सीरीज को एक खास अनुभव बनाने वाले हैं। फिलहाल जम्हूरियतकी रिलीज़ डेट घोषित नहीं की गई है, लेकिन उम्मीद है कि यह वेब सीरीज जल्द ही नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# आरएसआरडीसी की 128वीं बोर्ड बैठक

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में राजस्थान स्टेट रोड़ डवलपमेट कॉर्पोरेशन की 128वीं बोर्ड बैठक का आयोजन आरएसआरडीसी सभाभवन में गुरूवार को किया गया। वित्तीय स्थिति की समीक्षा करते हुये उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिये है कि अन्य राज्यों जैसे महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश के रोड कॉर्पोरेशन के मॉडल की स्टडी करें ताकि आरएसआरडीसी को वित्तीय रूप से मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों के कॉर्पोरेशन जो बेहतरीन काम कर रहे है उनकी बेस्ट प्रेक्टिसेज को प्रदेश में लागू किया जाये।

उपमुख्यमंत्री ने आरएसआरडीसी के कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात कहते हुये क्वालिटी कन्ट्रोल विंग को सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। उन्होंने




कहा कि जो भी परियोजनाऐं संचालित की जा रही है वे निश्चित समय अवधि में पूरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आरएसआरडीसी के पास जो राष्ट्रीय राजमार्ग है उन्हें एनएच को सौंपने की कार्यवाही को त्वरित गति से करें ताकि केन्द्र सरकार से राशि प्राप्त कर इन राष्ट्रीय राजमार्गो को सुदृढ़ किया जा सके।

बैठक में अधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री को बताया की आरएसआरडीसी का वर्ष 2025-26 का टर्नओवर लगभग 6500 से 7 हजार करोड़ अनुमानित है जो कि गत वर्ष से लगभग दुगुना है। इस दौरान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव डीआर मेघवाल सहित सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं आरएसआरडीसी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पहलगाम हमले में आतंकी हमले की करी कड़ी निंदा

मनोहरपुर, (रॉयल पत्रिका)। जामा मस्जिद के सदर जमील खान चौहान ने कहा कि जिस तरह जम्मू कश्मीर के पहलगाम में घूमने गए लोगों पर आतंकियों ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया यह बहुत निंदनीय घटना हैं ।

चौहान ने कहा कि हम सभी को एक जुट होकर आतंकवाद ओर मानवता के हत्यारों के खिलाफ देश को एकजुट होना चाहिए।

चौहान ने कहा कि आज देश एक नाजुक ओर ग़महीन दौर से गुजर रहा हैं। जिसको राष्ट्रीय शोक दिवस भी रखा गया हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे दौर में हम सभी को



एकजुट होकर आतंकवाद ओर मानवता के दुश्मन जो नफरती सोच रखते हैं। उनका समाधान करना चाहिए ताकि देश खुशहाल रहकर तरक्की करता रहे।

# मुख्यमंत्री ने आतंकी हमले में जान गंवाने वाले दिवंगत नीरज उधवानी के आवास पर जाकर दी श्रद्धांजलि

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में जान गंवाने वाले जयपुर के नीरज उधवानी की पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से बात कर उन्हें ढाढस बंधाया।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार प्रातः स्व. नीरज उधवानी के मॉडल टाउन स्थित अपार्टमेंट पर पहुंच कर उनकी पार्थिव देह के अंतिम दर्शन किए। शर्मा ने स्व. उधवानी की शोकाकुल मां के आंसू पोंछे और उन्हें ढाढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत के परिजनों से मिलकर उनको भरोसा दिलाया कि केंद्र एवं राज्य सरकार अपार दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने



परिवारजनों को इस गहरे दुख को सहने के लिए शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले से पूरा देश स्तब्ध और उद्वेलित है। इस दुर्भाग्यपूर्ण एवं घिनौनी घटना से पूरे देश में दुख और क्षोभ व्याप्त है। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना में जान गंवाने वालों के खून के एक-एक कतरे का हिसाब लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने इस घटना के बाद कई कठोर निर्णय लिए हैं और आगे भी कई कड़े एवं सख्त फैसले लिए जाएंगे।

## पहलगाम हमले के बाद लोगो में गुस्सा, कड़ी कार्रवाई करने की मांग

मनोहरपुर, (रॉयल पत्रिका)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने रामद्वारा के महंत कमल दास महाराज के सानिध्य में गुरुवार को नायब तहसीलदार दलीप चौधरी को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने ज्ञापन सौंपकर आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की मांग की।

वही जम्मू कश्मीर के पहलगांव में पर्यटकों पर आतंकियों द्वारा हमला कर दिया गया। जिससे संपूर्ण भारतवासीयो में आक्रोश व्याप्त है और चहुंओर आरोपियों को कठोर से कठोर सजा देने




की मांग उठ रही है। इस दौरान मौजूदा लोग उमेश जांगिड़, अशोक गुर्जर, संपूर्णानंद शर्मा, महिपाल सिंह गुर्जर, पूरण मीणा,उमेद यादव, ममता शर्मा, विकास कुमावत,मुकेश, गजानंद सहित कई लोग थे। इसी प्रकार इंद्रा कॉलोनी में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपेंद्र कुमार आत्रेय, अशोक व्यास, कमल अग्रवाल, कृष्ण कुमार, सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पशुपालन एवं डेयरी मंत्री ने जैसलमेर जिले में ली समीक्षा बैठक




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के सर्वागींण विकास के लिए कृत संकल्पित भाव से कार्य कर रही है। जिसका परिणाम धरातल पर नजर भी आ रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि मरुस्थलीय जिला जैसलमेर में भीषण गर्मी से गायों में फैल रहे कर्रा रोग की रोकथाम एवं बचाव उपायों को लेकर राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन संवेदनशीलनता एवं प्रतिबद्वता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि कर्रा रोग की वर्तमान में कोई दवाई एवं वैक्सीन नहीं है। इसलिये उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपनी गायों को खुले में नहीं छोड़े एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देर्शित किया कि कर्रा रोग से गौवंश की रक्षा के लिए योजनाबद्व रुप से कार्य करें।

कुमावत की अध्यक्षता में गुरुवार को जैसलमेर कलेक्ट्रेट सभागार में गायों में फैल रहे कर्रा रोग की रोकथाम एवं पानी-बिजली की निर्बाध आपूर्ति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को बीमारी की प्रभावी रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाबद्व रुप से कार्य करने के निर्देश दिए। जिससे इस रोग से कम से कम गायों की हानि हो।

कुमावत ने कहा कि इस बीमारी के प्रति लोगों में अधिकाधिक जागरुकता के लिए पंचायत स्तर पर विकास अधिकारी इस कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। साथ ही उन्होंने कहा कि विज्ञापन, होर्डिंग, एलइडी वॉल, सोशल मीडिया ग्रुप्स सहित अन्य प्रचार माध्यमों से इस रोग से पशुओं को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरुक करें। गौवंश को कर्रा रोग से बचाव करना ही उपचार है।

## किसानों और व्यापारियों को खाद्यान्न भण्डारण के लिए समुचित सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश सरकार किसानों को खाद्यान्न, दलहन एवं तिलहन के भण्डारण के लिए समुचित सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। वर्तमान में राजस्थान राज्य भण्डार व्यवस्था निगम के विभिन्न जिलों में स्थित 97 भंडारगृहों में 16 लाख 53 हजार मैं. टन क्षमता की जगह खाद्यान्न भण्डारण के लिए उपलब्ध है। निगम के संयुक्त निदेशक मदन लाल तेली ने बताया कि स्थानीय भंडारगृह प्रशासन से संपर्क कर कोई भी किसान या व्यापारी भंडारगृह की सुविधाओं का उपयोग कर सकता है।

**भण्डारगृहों की अधिकाधिक उपयोगिता सुनिश्चित करने के प्रयास—**

तेली ने कहा कि राजस्थान राज्य भण्डार व्यवस्था निगम द्वारा राज्य में भण्डारण क्षमता की अधिकाधिक उपयोगिता सुनिश्चित करने एवं निगम की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में भी निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। इस हेतु वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एक्ट- 1962 के तहत भंडारगृहों का प्रयोग व्यापारिक इकाई के रूप में किया जाता है।

उन्होंने बताया कि निगम के कुल 97 भण्डारगृहों में से 16 भण्डारगृहों की आंशिक भण्डारण क्षमता को राजस्थान स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं राजस्थान स्टेट गंगानगर शुगर मिल्स को 10 वर्षों की अवधि के लिए किराये पर देने के लिए फरवरी, 2023 में एमओयू किया गया था।

**कुल क्षमता का 96.10 प्रतिशत खाद्यान्न भण्डारण के लिए उपलब्ध—**

संयुक्त निदेशक ने कहा कि वर्तमान में निगम की कुल भंडारण क्षमता 17.20 लाख मैं. टन है। इसमें से 96.10 प्रतिशत खाद्यान्न भण्डारण के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि एमओयू के अन्तर्गत आरएसबीसीएल को 44 हजार 747 मैं. टन (2.60 प्रतिशत) एवं आरएसजीएसएम को 21 हजार 753 मैं. टन (1.26 प्रतिशत) भंडारण क्षमता उपलब्ध करवाई गई थी।

इस प्रकार निगम की कुल भण्डारण क्षमता का 3.86 प्रतिशत स्थान दोनों संस्थाओं को भण्डारण हेतु उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य भण्डारगृह, ब्यावर में 1,800 मैं. टन क्षमता में नैफेड द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर क्रय किया गया तिलहन व मूंगफली संग्रहित है। इसी प्रकार राज्य भण्डारगृह, सवाई माधोपुर में वर्तमान में 11 हजार 420 मैं. टन भण्डारण क्षमता खाद्यान्न भण्डारण उपयोग हेतु उपलब्ध है तथा 470 मैं. टन भण्डारण क्षमता का उपयोग पहले ही प्राईवेट व्यापारियों एवं किसानों द्वारा किया जा रहा है।

# युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखने के लिए कार्ययोजना का हो प्रभावी क्रियान्वयन

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को जिले में युवाओं को नशे की लत से दूर करने और दूर रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना का धरातल पर क्रियान्वयन के निर्देश दिये हैं। साथ ही डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों को मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया।

उन्होंने अधिकारियों को सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने वालों के साथ-साथ विद्यालयों एवं कॉलेजों के पास स्थित दुकानों पर तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों, दवा दुकानों की जांच करने एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, तय सीमा से अधिक दवा बिक्री, बिना लाइसेंस के दवा बिक्री सहित समस्त प्रकार की अनियमितताओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने



के निर्देश दिये।

बैठक में औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वाले दवा विक्रेताओं के खिलाफ लाइसेंस निलंबन एवं निरस्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है।

साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे की जद में आने से बचाने के लिए सघन जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने नशा मुक्त जयपुर अभियान को जन-जन का अभियान बनाने के लिए अधिक से अधिक युवाओं को अभियान के तहत ई-शपथ लेने के लिए प्रेरित करने भी निर्देश दिये।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को जिले में बिना लाइसेंस के संचालित अवैध नशामुक्ति केन्द्रों पर प्रभावी कार्रवाई के एवं नवजीवन योजना के चिन्हित व्यक्तियों परिवारों को योजना के लाभांवित करने के लिए निर्देशित दिये।

## आवश्यक नम्बर — रॉयल पत्रिका

**बिजली फॉल्ट के लिए**

| | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |

**कचरा गाड़ी के लिए**

| | |
|---|---|
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |

**पुलिस की मदद के लिए**

| | |
|---|---|
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

**पानी के लिए**

| | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |

**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**

| | |
|---|---|
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |

**घायल पशुओं के लिए**

| | |
|---|---|
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# इंजीनियर इंसाफ आज़ाद ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की

## -मृतकों को दी श्रद्धांजलि एवं सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की



कोटा,(रॉयल पत्रिका)। इंजीनियर इंसाफ आज़ाद एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट एवं राष्ट्रीय संयोजक एवं सदस्य, अनुशासनात्मक समिति, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली एवं इंचार्ज – गुजरात के निजी सचिव ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इंजीनियर इंसाफ आज़ाद एडवोकेट ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग ज़िले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम में 23 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

इस हमले में कई निर्दोष नागरिकों की दुखद मृत्यु हुई और अनेक लोग घायल हुए हैं। इस अमानवीय एवं कायरतापूर्ण कृत्य की वरिष्ठ समाजसेवी एवं अधिवक्ता इंजीनियर इंसाफ आज़ाद ने तीव्र शब्दों में निंदा की है । उन्होंने इस त्रासदी पर गहरा शोक प्रकट करते हुए हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएँ न केवल मानवता के विरुद्ध अपराध हैं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द पर भी सीधा आघात हैं ।

इंसाफ आज़ाद ने कहा, यह हमला केवल निर्दोष लोगों पर नहीं, बल्कि हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, शांति और सद्भाव पर हमला है। ऐसे कृत्य कायरता का परिचायक हैं और इनका एक स्वर में विरोध किया जाना चाहिए ।

उन्होंने भारत सरकार से यह भी मांग की कि हमले के पीछे जिम्मेदार आतंकी तत्वों की जल्द से जल्द पहचान कर उन्हें कानून के कठोरतम प्रावधानों के अंतर्गत दंडित किया जाए। साथ ही, उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों से अपील की कि घाटी में सक्रिय असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

उन्होंने स्थानीय प्रशासन से भी यह आग्रह किया कि घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित परिवारों को आवश्यक सहायता और मुआवजा शीघ्र प्रदान किया जाए।

अंत में, इंसाफ आज़ाद ने देशवासियों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि हम सबको एकजुट होकर आतंकवाद और हिंसा की ताक़तों का डटकर सामना करना होगा।

# पहलगाम का आतंकी हमला, पूरी इंसानियत पर हमला: शहर क़ाज़ी

**शब्बीर हुसैन**



कोटा,(रॉयल पत्रिका)। पहलगाम का आंतकी हमला मुल्क ही नहीं पूरी दुनिया की इंसानियत पर हमला है, इसकी जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। इस मामले में कोटा शहर क़ाज़ी जुबैर अहमद साहब की सदारत में आंतकी हमले को लेकर कोटा में आपात बैठक आयोजित कि गई जिसमे क़ाज़ी साहब ने कहा कि मजहबे इस्लाम में किसी भी निर्दोष का कत्ल सारी इंसानियत के कत्ल के बराबर है। कोटा की अवाम इस हमले की निंदा करती है और दोषियों को सख़्त सजा देने की मांग करती है। ऐसे वक्त में हम सभी देशवासीयों से अपील करते है कि अमन, शांति, भाईचारा बनाऐ रखे। इस बैठक में उपमहापौर सोनू कुरैशी, वक्फ कमेटी चेयरमेन सरफराज अंसारी, इंजी. खलीलुद्दीन, गुलशेर अहमद, ज़हूर अहमद, मौलवी मक़सूद कासमी, एडवोकेट अख्तर खान 'अकेला', एड. ज़हीर अहमद, एड. अंसार इन्दौरी, किफायत शेख, सलीम अंसारी, अब्बु अंसारी, जरगाम अहमद, डॉ. सिद्दीक खान, हैदर अहमद, इमरान कुरैशी आदि समाज सेवक मौजूद रहे।

# विशेष योग्यजनों को मिली राहत, जिला कलक्टर ने सौंपी व्हीलचेयर व ट्राइसाइकिल



बारां, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने गुरुवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की दिव्यांगजन कल्याणकारी योजनाओं के तहत जरूरतमंदों को सहायक उपकरण प्रदान किए। इस दौरान रोशनी बाई को व्हीलचेयर एवं रविन्द्र सुमन को ट्राइसाइकिल प्रदान कर उन्हें राहत दी गई। जिला कलक्टर ने लाभार्थियों को उपकरण सौंपते हुए उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव की कामना की। इस अवसर पर सहायक निदेशक शुभम नागर सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि पात्र दिव्यांगजनों की पहचान कर उन्हें आवश्यक सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाए।

# सवाई माधोपुर में पहुंची सड़क गुणवत्ता निरीक्षण (सगुनि) यात्रा

## -पॉलिटेक्निक विद्यार्थियों ने की सड़कों की जांच




सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार द्वारा सड़कों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, रखरखाव में पारदर्शिता लाने तथा तकनीकी विद्यार्थियों को प्रायोगिक अनुभव से जोड़ने के उद्देश्य से सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में संचालित सड़क गुणवत्ता निरीक्षण यात्रा (सगुनि) का गुरुवार को सवाई माधोपुर जिले में आगमन हुआ। यह यात्रा प्रदेश के सभी 33 जिलों से होते हुए बुद्ध पूर्णिमा के दिन श्रीगंगानगर में सम्पन्न होगी। सवाई माधोपुर इस यात्रा का 19वां पड़ाव रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (गुणवत्ता नियंत्रण) जसवंत लाल खत्री द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ की गई।

इस अवसर पर 'आपणी सड़क' नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रेमराज मीना, राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार सोनी, नोडल प्रभारी राजेश चेड़वाल, अधीक्षण अभियंता सुनील गहलोत, अधिशासी अभियंता वेद प्रकाश उपाध्याय सहित अन्य तकनीकी अधिकारी एवं प्रवक्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डॉ. अरविंद शर्मा, रामकेश मीणा, रामसिंह मीणा, अविनाश शर्मा, जयप्रकाश जैलिया सहित तकनीकी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान अभियंता मीनाक्षी मीणा एवं प्रशांत मीणा द्वारा विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा, दोष निवारण अवधि और गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

बाद में विद्यार्थियों को सार्वजनिक निर्माण विभाग की टीमों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में भेजा गया, जहां उन्होंने सड़कों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया।

प्रत्येक टीम में अधिशासी अभियंता, तकनीकी विशेषज्ञ और पॉलीटेक्निक के विद्यार्थी सम्मिलित थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया।

# महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यों का समय परिवर्तित

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय परिवर्तित कर प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया है।

जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत कार्यों का समय तुरन्त प्रभाव से प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसमें एक घंटे के विश्राम काल की अवधि शामिल नहीं है। यदि कोई श्रमिक समूह समय से पूर्व निर्धारित टास्क के अनुसार कार्य पूर्ण कर लेता है तो वह कार्य की माप मेट के पास उपलब्ध मस्टरोल में अंकित टास्क प्रपत्र में करवाने के उपरांत एवं समूह के मुखिया के हस्ताक्षर उपरांत कार्यस्थल छोड़ सकता है। उन्होंने बताया कि यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। यह व्यवस्था 15 जुलाई 2025 अथवा मानूसन आने तक लागू रहेगी। संबंधित अधिकारियों को इसकी पालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए है।

# कायराना हरकत की कतई इजाजत नहीं देता इस्लाम - साजिद खान

## -कश्मीर में हुई आतंकवादी घटना से पूरा देश स्तब्ध है



जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। जोधाणा जागरूक मंच संस्थान ने बैठक आयोजित कर जम्मू कश्मीर में शहीद हुए आमजन के लिए अपनी संवेदनाएं जाहिर की। संस्थापक साजिद खान ने कहा कि देश में हाल ही में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में जो घटना घटित हुई उसकी जितनी कड़ी निंदा की जाए वह कम है।

सरकार इस पर सक्षम कदम उठाने में समर्थ है और सरकार को इस पर तुरंत प्रभाव से संज्ञान लेते हुए इन आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए और जिस तरह से एक धर्म विशेष को टारगेट करके एक धर्म विशेष की मानसिकता दर्शाई गई यह कतई सच्चाई नहीं है

क्योंकि इस्लाम धर्म, इस तरह की कायरता पूर्ण हमले का कहीं जिक्र नहीं करता और ना ही आतंकवाद का समर्थन करता है यह तो इंसानियत को झकझोर देने वाली बड़ी घटना है जिसका पूरे देशवासियों को गहरा आघात पहुंचा है।

इस्लाम धर्म का स्पष्ट सन्देश - जम्मू कश्मीर के आम लोगों ने हाल ही में पहलगाम में जो घटना घटित हुई उसमें अपनी जान की बाजी लगाई और मानवता को बचाने की कोशिश की, इससे पूर्व में भी कश्मीर भूसख्लन हुआ था तब भी कश्मीर के सिविलियनस आमजन की मदद के लिए आगे आए थे। पैसों के भूखे लोग आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं और धर्म को बदनाम करते हैं।

इस मौके पर मौलाना जावेद कादरी, मोहम्मद इरफान कुरैशी, इंसाफ अली भाई जान, पार्षद असलम खान, मोहम्मद इकबाल नूरी आशिफ नूरी, इमरान कुरैशी, शकील अहमद, मोहम्मद हारुन, सिराजुद्दीन, मोहम्मद यासीन, उस्मान कुरैशी सहित नवीन जोधाणा जागरूक मंच संस्थान के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी में शोक सभा आयोजित

## -पहलगाम हमले के शहीदों को दी श्रृद्धांजलि



जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। जम्मुकश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में शहीद 26 भारतीयों की आत्मा की शांति और उनके परिवार को सम्बल प्रदान करने के लिए बुझावड स्थित मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक ने बताया कि पहलगाम हमले जैसी घटनाएं घोर निंदा के लायक है। हम मांग करते है कि इन घटनाओं के दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाएं ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृति न हो। यूनवर्सिटी प्रेसिडेन्ट डॉ. जीमल काज़मी ने कहा कि आतंकवाद कोई धर्म नहीं होता है हम हर तरह के आतंकवाद का घोर विरोध करते है और हमले के शहीदों की आत्मा की शांति के लिए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश करते है। साथ है दुआ करते है कि इस मुश्किल घड़ी में अल्लाह इनके परिवारजनों और रिश्तेदारों को हौंसला प्रदान करें।

यूनिवर्सिटी के वाणिज्य संकाय के एसोसियेट प्रोफेसर डॉ. अब्दुल्लाह खालिद ने कहा कि इस्लाम में एक बेकसूर की हत्या करना, सारी इंसानियत की हत्या करना है और एक बेकसूर की जान बचाना, सारी इंसानियत की जान बचाना है। इस मौके पर दो मिनट का मौन रखकर, शहीदों को श्रृद्धांजलि (खिराज-ए-अक़ीदत) पेश की गई। शोक सभा के इस श्रृद्धांजलि कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के डीन एकेडमिक्स डॉ. इमरान खान पठान, डीन डॉ. समीना, डॉ. निरंजन बोहरा, डॉ. इनाम इलाही, डॉ. दीपक भंडारी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. साबरा कुरैशी, डॉ. मरजीना, डॉ. सीमा परवीन खान, डॉ. डिम्पल प्रजापत, डॉ. रईस, डॉ. अमित माथुर, डॉ. रूचिका, डॉ. मीना राव, जीशान अली, भावेश गांधी, तौसिफ खान, सलमान खान, आसिफ खान, राजूराम, भूपेन्द्र सहित यूनिवर्सिटी के कई स्टाफ एवं स्टूडेन्ट मौजूद थे।

# अवैध जल संबंधों के विरुद्ध कार्यवाही

बारां, (रॉयल पत्रिका)। ग्रीष्म ऋतु में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिले की समस्त पंचायत समिति के गांवों एवं शहरी जल योजनाओं पर शुद्ध पेयजल की समुचित एवं प्रभावी व्यवस्था हेतु शहरी जल योजना बारां में अटरू रोड़ पर मुख्य एवं वितरण पाईप लाईन से अवैध जल संबंध हटाने की कार्यवाही अधीक्षण अभियंता आलोक कुमार गुप्ता के निर्देशन में सहायक अभियन्ता उपखण्ड बारां द्वारा की गई है। मुख्य पाईप लाईन से 6 अवैध जल संबंध एवं 1 जल संबंध वितरण पाईप लाईन से हटाया गया है। कोटा रोड़ पर दो कार वाशिंग सेन्टरों के जल संबंध जाँचने पर घरेलु जल संबंध की श्रेणी में पाए गए। जिनको नोटिस देकर जल संबंधों को व्यावसायिक श्रेणी में कराने हेतु पाबंद किया गया है। 23 अप्रैल 2025 को मुख्य पाइप लाईन से अवैध जल संबंध करते हुए पाये जाने पर थाना कोतवाली में एफ.आई.आर. दर्ज करायी गयी।

6 अवैध जल संबंधों का विभागीय नियमानुसार नियमितीकरण किया गया जिससे विभाग को राशि 22,932 रुपए की राजस्व की प्राप्ति हुई । अवैध जल संबंधों को हटाने की कार्यवाही के दौरान नगर परिषद कार्मिक एवं पुलिस जवान उपस्थित रहें।

उपभोक्ताओं एवं नगर वासियों से अपेक्षा की जाती है कि पानी का सदुपयोग करें अनावश्यक कार्यों में जल का अपव्यय नहीं करें। किसी के द्वारा अवैध जल संबंध ले लिया गया है तो उसको विभागीय नियमानुसार नियमित करा लेवें एवं बकाया जल शुल्क जमा कराए जिससे अन्य उपभोक्ताओं को असुविधा नहीं हो।

अवैध जल संबंध करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं के तहत कार्यवाही की जावेगी। पेयजल वितरण व्यवस्था के कार्मिकों के साथ अभद्र व्यवहार करने पर आईपीसी की धाराओं के तहत कार्यवाही की जावेंगी। सभी उपभोक्ताओं से निवेदन है कि पेयजल की समस्या के प्रभावी समाधान करने हेतु शिकायत दूरभाष नम्बर 07453-294754 पर दर्ज कराए एवं पेयजल की व्यवस्था बनाए रखने में विभाग को सहयोग प्रदान करें। बारां शहर की पेयजल से संबंधित शिकायत मोबाइल नंबर 7850022045 पर भी दर्ज की जा सकेगी।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



बारां,(रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर ने यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाना और दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि जिले में दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर आवश्यक सुधार कार्यवाही करें। उन्होंने आईआरएडी प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक सड़क की मासिक दुर्घटना रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कागजों तक सीमित न रहकर वास्तविक धरातल पर दिखनी चाहिए। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को एनएच-27 पर पलायथा, अंता, किशनगंज एवं समरानियां क्षेत्रों में फ्लाईओवर निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने तथा कोटा से बारां की ओर कालीसिंध पुलिया के पास डामरीकरण को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा को निर्देशित किया कि बाल वाहिनी जैसे ओमनी व ऑटो में ओवरलोडिंग पर सख्ती से कार्यवाही करें। साथ ही, ऐसे वाहनों की फिटनेस, ड्राइवर की जानकारी एवं भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने की जांच सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने जैन तीर्थ के पास स्थित पेट्रोल पंप से गलत दिशा में आने वाले वाहनों को रोकने के लिए विशेष निर्देश दिए। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालक को ऐसे वाहनों को ईंधन न देने और उल्लंघन की स्थिति में कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने भूल-भूलैया सर्किल से मंडोला रोड तक फ्लाईऐश डंपर के अनियंत्रित खड़े रहने से यातायात में हो रही बाधा पर भी चर्चा की गई। वाहनों को व्यवस्थित पार्किंग हेतु दिशा-निर्देश जारी किए गए। यातायात शाखा को सीएसआर मद के तहत टूविंग क्रेन की व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक के माध्यम से मांग पत्र भिजवाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में एडीएम दिव्यांशु शर्मा, एसई पीडब्ल्यूडी राजवीर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी पीयूष कुमार शर्मा, नगर परिषद आयुक्त अनिल कुमार चौधरी, एएसआई प्रदीप सिंह, सहायक अभियंता के.सी. महावर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पहलगाम में हुए आतंकी को लेकर काली पट्टी जताया विरोध



पाली,(रॉयल पत्रिका)। कश्मीर घूमने गए सैलानियों पर आतंकियों द्वारा बेरहमी से गोलियां बरसाकर करीब 27 लोगों को मौत के घाट उतार देने की घटना के विरोध मे गुरूवार को निकटवर्ती गॉव बोमादडा के ग्रामीणो एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ ने काली पट्टी बांध विरोध जताया।

तेज सिंह पंवार ने बताया कि पहलगाम में अमानवीय घटना को अंजाम देने वाले आतंकियों के खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करे ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओ की पुनरावृति नही हो। उन्होने आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलवाने की मांग की। इस मौके पर प्रधानाचार्य दीपक भाटी,तेजसिंह पवार,परमेश्वर लाल, अरुणा चौहान, मोहनलाल,इंद्रसिंह राजपुरोहित,विमला कुमावत, ममता लश्करी, मोहनलाल गहलोत, उमा राजपुरोहित, शोभा परिहार,विजय कुमार चौधरी, गौरव शिवनानी, तरुण त्रिवेदी, वेनाराम, विक्रमसिंह, नाथूराम, गणेशराम चौधरी समेत विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# सतर्कता समिति की बैठक में 8 प्रकरण निस्तारित



झुंझुनू, (रॉयल पत्रिका)। जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक गुरुवार को जिला कलक्टर रामावतार मीणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान समिति में दर्ज कुल 14 प्रकरणों पर चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने प्रकरणों में परिवादियों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान 8 प्रकरणों को निस्तारित किया गया वहीं 6 प्रकरणों को अगली बैठक तक लम्बित रख अधिकारियों से जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए। बैठक में झुंझुनू एसडीएम हवाई सिंह यादव, अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, आयुक्त नगर परिषद दलीप पूनियां सहित संबंधित विभागों के अधिकारी तथा वी.सी. के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंजुमन मदरसा कमेटी ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

## -कहा- आतंकवाद का किसी धर्म से संबंध नहीं

बारां,(रॉयल पत्रिका)। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देशवासियों में काफी आक्रोश है। धर्म के नाम पर निर्दोषों की हत्या की आलोचना मदरसा अंजुमन कमेटी ने भी की है। अंजुमन कमेटी बारां के प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने जानकारी देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो चुकी है। इस हमले में जो लोग घायल हैं, उनका अस्पताल में अब भी इलाज चल रहा है, अंजुमन कमेटी के सदर माजिद सलीम व नायाब सदर जाकिर मंसूरी ने कहा कि आतंकवाद की इस घटन की हम सब निंदा करते हैं। आतंकवाद और उसका कोई दूसरा रूप किसी भी धर्म से संबंधित नहीं है। पीड़ितों के परिवारों को हमारी संवेदना है, जिन्होंने इस जघन्य अपराध का सामना किया। धर्म, रंग, क्षेत्र के आधार पर होने वाली किसी भी तरह की हिंसा, आतंकवाद और उसके किसी भी रूप की हम निंदा करते हैं।

# जिले में 'मिशन परिंदा' अभियान का शुभारंभ

## -सरकारी कार्यालयों में लगाए जाएंगे परिंदे और घोंसले




बारां, (रॉयल पत्रिका)। पंचायती राज दिवस के अवसर पर बारां जिला प्रशासन ने पर्यावरण और पक्षी संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए 'मिशन परिंदा' अभियान का शुभारंभ किया। इस नवाचारपूर्ण अभियान की शुरुआत जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में परिंदा बांधकर उसमें पानी भरकर की गई।

जिला कलक्टर ने आमजन से अपील की कि वे भी इस अभियान से जुड़ें और अपने घरों, छतों और कार्यस्थलों पर परिंदे लगाएं तथा उनमें नियमित रूप से पानी भरें। उन्होंने कहा कि "पशु-पक्षी, जीव-जंतु और वृक्ष पर्यावरण के संतुलन के अभिन्न अंग हैं। हमें उनके संरक्षण के प्रति सजग रहना चाहिए और समाज के हर वर्ग को इसमें भागीदारी निभानी चाहिए।"

सहायक निदेशक शुभम नागर ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की पहल पर तथा भामाशाहों और समाजसेवियों के सहयोग से यह अभियान संचालित किया जाएगा। इसके तहत बारां शहर के सभी सरकारी कार्यालयों में परिंदे (पानी के पात्र) लगाए जाएंगे। इन परिंदों में गर्मी के दौरान नियमित रूप से साफ और ठंडा पानी भरा जाएगा, ताकि पक्षियों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य न केवल पक्षियों को जल उपलब्ध कराना है, बल्कि इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता के प्रति जन-जागरूकता भी बढ़ाना है।

मिशन परिंदा अभियान के दूसरे चरण में सभी सरकारी कार्यालयों में पक्षियों के लिए घोंसले लगाए जाएंगे, जो विशेष रूप से घास और नारियल के रेशे से निर्मित होंगे। ये घोंसले तमिलनाडु से मंगवाए जा रहे हैं, जिन्हें पक्षियों के लिए अनुकूल, सुरक्षित और टिकाऊ माना गया है। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजवीर सिंह चौधरी, एसडीएम बनवारीलाल बैरवा, नायब तहसीलदार संदीप वर्मा समेत अनेक प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# हैवेल्स इंडिया के शेयरों में 4.8 प्रतिशत की गिरावट आई

● कंपनी ने क्यू4 में 16.4 प्रतिशत लाभ वृद्धि दर्ज की

● ब्रोकरेज फर्मों ने कंपनी के लिए सकारात्मक रुख बनाए रखा है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हैवेल्स इंडिया के शेयर बुधवार को शेयर मार्केट खुलने के आधा घंटे भीतर ही 4.8 प्रतिशत गिरकर 1,585.05 रुपये पर आ गए। यह बीएसई पर दिन का सबसे निचला स्तर था। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कंपनी ने त्त4 के नतीजे जारी करते समय,ष्ट जैसे गर्मी के प्रोडक्ट्स की मांग को लेकर चिंता जताई थी। कंपनी को डर है कि गर्मी में बिकने वाले सामान, जैसे,ष्ट आदि की बिक्री कम हो सकती है।

कंपनी ने मंगलवार को अपने त्त4स्न्ड्ड25 के नतीजे घोषित किए थे। इसमें कंपनी का शुद्ध लाभ 16.4 प्रतिशत बढ़कर 522 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही में यह 449 करोड़ रुपये था। कंपनी का शुद्ध राजस्व इस तिमाही में 6,532 करोड़ रुपये रहा। यह पिछले साल की इसी तिमाही में 5,434 करोड़ रुपये से 20.2 प्रतिशत अधिक है। इससे पता चलता है कि कंपनी के उत्पादों की मांग अच्छी है। पिछली तिमाही यानी क्यू3 एफवाय25 में राजस्व 4,883 करोड़ रुपये था। इस तिमाही में राजस्व में काफी सुधार हुआ है।




**कैसी रही कंपनी के शेयर की स्थिति-** मंगलवार को बीएसई पर हैवेल्स इंडिया के शेयर 1 प्रतिशत बढ़कर 1,664.75 रुपये पर बंद हुए थे। लेकिन बुधवार को यह मामूली गिरावट के साथ 1,656.95 रुपये पर खुले। इसके बाद इसमें गिरावट आनी शुरू हुई। मार्केट खुलने के आधा घंटे के भीतर ही यह शेयर करीब 5 फीसदी की गिरावट के साथ 1,585.05 रुपये पर आ गया था। हालांकि बाद में इसमें कुछ सुधार आया। 9¬50 पर यह शेयर 2.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,621.15 रुपये पर था।

### क्या कहना है एक्सपर्ट का

ब्रोकरेज फर्म नुवामा ने हैवेल्स इंडिया पर सकारात्मक रुख बनाए रखा है। कंपनी के क्यू4 एफवाय25 के नतीजों के बाद नुवामा ने 1,890 रुपये के लक्ष्य मूल्य के साथ खरीदें रेटिंग दी है। नुवामा का मानना है कि कंपनी के नतीजे बहुत अच्छे रहे हैं। वहीं इक्विरस कैपिटल ने हैवेल्स इंडिया पर सकारात्मक रुख दोहराया है।

## 3 साल से घाटे में है इंटेल, इस हफ्ते कर रही बड़ी छंटनी, 20 प्रतिशत कर्मचारियों की जाएगी नौकरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक दिग्गज कंपनी इंटेल इसी हफ्ते बड़ी छंटनी की घोषणा करने वाली है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी अपने 20 प्रतिशत से ज्यादा कर्मचारियों को निकाल सकती है। कंपनी के इस फैसले की वजह बेवजह का रेड टेप घटाना और कंपनी को फिर से इंजीनियरिंग-केंद्रित बनाना है। ये कदम नए सीईओ लिप-बू टैन की रणनीति का हिस्सा है, जो मार्च 2025 में



कंपनी की कमान संभाली हैं। बता दें कंपनी ने अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि घोषणा जल्द होगी। ये छंटनी मुख्य रूप से मैनेजमेंट लेयर और नॉन-टेक्निकल भूमिकाओं में हो सकती है।

**क्या है पूरा मामला-** पिछले कुछ सालों से इंटेल, एनवीडिया जैसी कंपनियों से टक्कर लेने में नाकाम रहा है, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चिप मामले में। कंपनी तीन साल से घाटे में है और बिक्री लगातार गिर रही है। इसकी वित्तीय हालत भी खराब है।

**पहले भी कंपनी कर चुकी है छंटनी-** 2023 में इंटेल में 1,24,800 कर्मचारी थे। 2024 में 15,000 नौकरियां काटकर कर्मचारियों की संख्या 1,08,900 कर दी गई। अब फिर 20 प्रतिशत कटौती की तैयारी है। यानी 20000 से अधिक लोगों की नौकरी जानी तय है।

## जीवाश्म ईंधन के खिलाफ हैं दुनिया भर के बिजनेस लीडर्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीवाश्म ईंधन के खिलाफ दुनिया भर के बिजनेस लीडर्स भी एकजुट होने लगे हैं। एक वैश्विक सर्वेक्षण में 15 देशों के बिजनेस लीडर्स ने कहा कि अब जीवाश्म ईंधन को छोड़कर रिन्यूएबल एनर्जी की तरफ तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है। यह सर्वे दुनिया की मध्यम और उच्च श्रेणी की कंपनियों के प्रमुखों के बीच किया गया। सर्वे के नतीजे बताते हैं कि हरित ऊर्जा को लेकर दुनिया टर्निंग प्वाइंट पर पहुंच चुकी है। बता दें



जीवाश्म ईंधन, जैसे कोयला, कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस, लाखों साल पहले मृत पौधों और जानवरों के अवशेषों से बनते हैं। ये पृथ्वी की सतह के नीचे दबे रहते हैं और हाई टेंपरेचर और प्रेशर के कारण ऊर्जा के स्रोत के रूप में बनते हैं।

**क्या कह रहे 97 प्रतिशत बिजनेस लीडर्स-** सर्वे के मुताबिक 97 प्रतिशत बिजनेस लीडर्स चाहते हैं कि सरकारें कोयला और अन्य पारंपरिक ईंधनों से हटकर सोलर, विंड और अन्य क्लीन एनर्जी की तरफ अपनी नीतियों को ले जाए। करीब 78 प्रतिशत ने साफ कहा कि वे 2035 या उससे पहले ही रिन्यूएबल एनर्जी आधारित बिजली प्रणाली लागू होते देखना चाहते हैं।

**ऑपरेशन और सप्लाई चेन पर क्या पड़ेगा प्रभाव-** सावंता संस्था द्वारा किए गए इस सर्वे के अनुसार ज्यादातर कंपनियों ने कहा कि अगर उनके देशों की सरकारें रिन्यूएबल एनर्जी की तरफ तेजी से नहीं बढ़तीं, तो वे अपना ऑपरेशन और सप्लाई चेन उन देशों में शिफ्ट कर सकती हैं, जहां ये सुविधाएं मौजूद हैं।

# तरीका बदला और टेक्नोलॉजी का किया इस्तेमाल

● अब महीने में 5 लाख की कमाई, लोग कह रहे वाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात के धीरेंद्र कुमार देसाई ने आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके केले की खेती में क्रांति ला दी है। वह प्रति एकड़ 35 टन केले की उपज हासिल करते हैं। खेती से उनकी सालाना कमाई



50-60 लाख रुपये है। 51 वर्षीय धीरेंद्र कुमार ने टिश्यू कल्चर तकनीक और आधुनिक सिंचाई विधियों को अपनाकर अपनी खेती को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उनकी सफलता की कहानी पूरे देश के किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अन्य किसानों को भी आधुनिक खेती के तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया है। आइए, यहां धीरेंद्र कुमार देसाई की सफलता के सफर के बारे जानते हैं।

**खेती में बदलाव लाने का किया फैसला-**धीरेंद्र कुमार भानुभाई देसाई गुजरात के भरूच जिले के झगाड़िया तालुका के पनेठा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने 1991 में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद खेती शुरू की। उनका परिवार पहले पारंपरिक तरीके से खेती करता था। इससे ज्यादा फायदा नहीं होता था। धीरेंद्र कुमार ने खेती में बदलाव लाने का फैसला किया। उन्होंने आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया। अपनी खेती को पूरी तरह से बदल दिया। उन्होंने आसपास के किसानों को भी मदद की।

**केले और गन्ने की खेती से शुरुआत-** धीरेंद्र कुमार ने केले और गन्ने की खेती से शुरुआत की। उन्हें कई तरह की परेशानियां आईं, जैसे कि पैसे की कमी और खेती के लिए जरूरी चीजों का अभाव। एक बार वह कृषि दौरे पर गए। वहां उन्होंने ड्रिप सिंचाई, टिश्यू कल्चर और इंटीग्रेटेड बायो-न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट के बारे में जाना। मोर क्रॉप पर ड्रॉप' यानी हर बूंद में ज्यादा फसल के नारे से प्रेरित होकर धीरेंद्र कुमार ने लगातार फसल उगाने का तरीका अपनाया। इससे उनकी पैदावार बहुत बढ़ गई। साथ ही लागत कम हो गई।

**खेती में कई नए तरीके अपनाए-** धीरेंद्र कुमार ने केले की खेती में कई नए तरीके अपनाए। उन्होंने ड्रिप सिंचाई, प्लांट टिश्यू कल्चर, हरी खाद और बायो-कंपोस्टिंग का इस्तेमाल किया। वह केले की त्न9 किस्म उगाते हैं। उनकी तकनीक पूरे देश में एक मिसाल बन गई है। उनकी पैदावार दोगुनी हो गई है। पहले प्रति एकड़ 15 टन केले की उपज होती थी, जो अब बढ़कर 35 टन प्रति एकड़ हो गई है। उनके खेत में ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल करके फसलों पर कीटनाशक का छिड़काव किया जाता है। इससे और भी बेहतर तरीके से काम हो पाता है।

### को-ऑपरेटिव सोसाइटी बनाई

धीरेंद्र कुमार ने अपनी निजी सफलता से बढ़कर किसानों के समुदाय को ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने केला उत्पादकों के लिए एक को-ऑपरेटिव सोसाइटी बनाई है। इससे किसानों को सामूहिक रूप से मार्केटिंग करने और अपनी आय बढ़ाने में मदद मिलती है।

उनके प्रयासों से गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के 1,000 से अधिक किसानों को हाई-टेक केले की खेती के तरीकों को अपनाने की प्रेरणा मिली है। केले के अलावा, देसाई ने अपने खेत में ब्राजील के मीठे संतरे की किस्म नाटल के 1200 पौधे लगाए हैं।

## हर्बलाइफ इंडिया ने लॉन्च किया स्लीप एन्हान्स

**मुंबई, एजेंसी।** हर्बलाइफ, जो एक जानी-मानी हेल्थ और वेलनेस कंपनी है, ने स्लीप एन्हान्स टीएम नाम से एक नया प्रोडक्ट लॉन्च किया है। यह कैफीन-फ्री और प्लांट बेस्ड है, और इसमें इस्तेमाल की गई चीजें वैज्ञानिक रूप से जांची गई हैं। माना जाता है कि इससे नींद की क्वालिटी बेहतर होती है। यह प्रोडक्ट ऐसे समय आया है जब भारत में नींद से जुड़ी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिसकी वजहें हैं—भागदौड़ भरी जिंदगी, मोबाइल-स्क्रीन पर ज़्यादा वक्त बिताना और बढ़ता तनाव।

आज की तेज़ रफ्तार दुनिया में, अच्छी नींद अब किसी लक्ज़री की बात नहीं, बल्कि जरूरत बन चुकी है। लेकिन काम के दबाव, बढ़ते स्क्रीन टाइम और तनाव के कारण कई लोग अच्छी नींद लेने में मुश्किल महसूस करते हैं। अध्ययन बताते हैं कि लगभग आधे भारतीय सुबह उठते ही थकान महसूस करते हैं, और सोने से पहले डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल उनकी नींद की गुणवत्ता को और बिगाड़ देता है। इस बढ़ती समस्या को समझते हुए, हर्बलाइफ भारत में नींद सुधारने के लिए कदम बढ़ा रहा है। स्लीप एन्हान्स में अफ्रॉन नामक असली केसर का अर्क है और साबित हो चुका है कि सोने से एक घंटा पहले 28 दिनों तक इसे लेने से नींद की गुणवत्ता को सुधारने में मदद मिलती है। स्लीप एन्हान्स में कोई एडेड शुगर, आर्टिफिशियल फ्लेवर नहीं है और ये कैफीन फ्री है। जिससे यह रात की दिनचर्या में एक प्रभावी उपाय बन जाता है।

इसका फ्लेवर हिबिस्कस का है और इसमें केसर का अर्क है, जिसके बारे में क्लीनिकली यह साबित हुआ है कि यह नींद की गुणवत्ता को सुधारता है, उठने के बाद मूड को बेहतर बनाता है और शांतिपूर्ण तरीके से जागने में मदद करता है। अजय खन्ना, मैनेजिंग डायरेक्टर, हर्बलाइफ इंडिया का कहना है, सोने का मतलब सिर्फ आराम करना नहीं है, बल्कि अपने शरीर और दिमाग को रीसेट और रीचार्ज करना भी है। स्लीप एन्हान्स में केसर का अर्क होता है जोकि क्लीनिकली नींद की क्वालिटी बेहतर बनाने और सोकर उठने पर सुकून महसूस कराने में मददगार साबित हुआ है।

# ट्रेड वॉर से सुस्त रहेगी भारत की इकोनॉमी ग्रोथ अनुमान पर आईएमएफ ने चलाई कैंची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रेड वॉर और ग्लोबल टेंशन की वजह से भारत की इकोनॉमी सुस्त रह सकती है। दरअसल अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वित्त वर्ष 2026 के विकास पूर्वानुमान को 30 बेसिस पॉइंट घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ ने इससे पहले 6.5 प्रतिशत का अनुमान लगाया था। आईएमएफ ने अपने वर्ल्ड इकोनॉमी आउटलुक में कहा- भारत के लिए 2025 में ग्रोथ का आउटलुक अपेक्षाकृत अधिक स्थिर है और वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहेगी। वृद्धि को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में निजी खपत से समर्थन मिलेगा। रिपोर्ट के अनुसार भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2026-27 में 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि 2024-25 में यह 6.5 प्रतिशत रही। वृद्धि दर का यह अनुमान जनवरी, 2025 के अनुमान की तुलना में 0.3 प्रतिशत कम है और इसका कारण व्यापार तनाव और वैश्विक अनिश्चितता है।

**क्या कहा आईएमएफ ने-** आईएमएफ ने कहा कि 2025 में वैश्विक वृद्धि 2.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पहले के अनुमान से 0.5 प्रतिशत कम है। 2026 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर तीन प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में विकसित अर्थव्यवस्थाओं के बारे में कहा गया कि ग्रोथ




रेट 2025 में घटकर 1.4 प्रतिशत और 2026 में 1.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। ग्रोथ का यह अनुमान 2025 के लिए जनवरी में जताये गये अनुमान की तुलना में 0.5 प्रतिशत कम है। यह 2024 में 1.8 प्रतिशत रही थी।

### किस देश के लिए क्या है अनुमान

इस साल के अनुमान में कनाडा, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका की वृद्ध दर अनुमान को कम किया गया है जबकि स्पेन के अनुमान को बढ़ाया गया है। अमेरिका के लिए, 2025 में वृद्धि दर घटकर 1.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2024 से एक प्रतिशत कम है। साथ ही जनवरी, 2025 के अनुमान से 0.9 प्रतिशत कम है।

**चीन के जीडीपी ग्रोथ पर अनुमान-** चीन के लिए 2025 की जीडीपी वृद्धि को घटाकर चार प्रतिशत कर दिया गया है। जनवरी की रिपोर्ट में इसे 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था। यह हाल ही में लागू आयात शुल्क के प्रभाव को दर्शाता है। इसके साथ 2026 के लिए भी वृद्धि के अनुमान को 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4.0 प्रतिशत कर दिया गया है।

# देश के सबसे बड़े प्रॉब्लम-सॉल्विंग प्लेटफॉर्म

**एचसीएल जिगसॉ के छठे एडिशन के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एचसीएल ने देश के सबसे बड़े प्रॉब्लम-सॉल्विंग प्लेटफॉर्म, एचसीएल जिगसॉ का छठा एडिशन पेश किया है। यह प्लेटफॉर्म खासतौर पर स्कूल के छात्रों के लिए तैयार किया गया है, ताकि उनमें नवाचार, विश्लेषण और तार्किक सोच को बढ़ावा दिया जा सके। एचसीएल जिगसॉ का उदेश्य छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं को समझने और सुलझाने में सक्षम बनाना है। इसमें कक्षा 6 से 9 तक के छात्रों का मूल्यांकन 21वीं सदी की महत्वपूर्ण स्किल्स के आधार पर किया जाता है, जिनमें रिसर्च, क्रिटिकल थिंकिंग और कम्युनिकेशन शामिल है। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक छात्र या स्कूल पर जाकर 31 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। कुल 12 लाख रुपए से अधिक की पुरस्कार राशि फाइनलिस्ट्स को दी जाएगी, जिसमें एचसीएल के इनोवेशन लैब्स में लर्निंग अवसर भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, एचसीएल जिगसॉ सभी स्कूल के छात्रों को बिना किसी शुल्क के भाग लेने का मौका देता है। छठे एडिशन में, प्रोजेक्ट-आधारित चुनौती का उद्देश्य



कोलैब, क्रिएट और कॉन्कर रहेगा, जो इस साल के मिशन के तौर पर पेश किया गया है। सम्पूर्ण भारत के लिए संचालित की जा रही यह पहल भारत के शीर्ष युवा प्रॉब्लम सॉल्वर्स के विकास को बढ़ावा देने पर आधारित है, जो उनके क्रिटिकल थिंकिंग कौशल को एक सख्त मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से मजबूत करती है और इसके लिए उन्हें पुरस्कृत भी करती है। यह पहल भारत की नई शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप है, जो कॉग्निटिव लर्निंग (संज्ञानात्मक शिक्षा) और भविष्य के लिए तैयार स्किल्स को बढ़ावा देती है। इस पहल पर विचार करते हुए, रजत चंदोलिया, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट और हेड- ब्रांड, एचसीएल ग्रुप, ने कहा, एचसीएल में, हमारा उद्देश्य युवाओं की क्षमता को बढ़ावा देना है, ताकि वे गतिशील दुनिया के साथ-साथ आगे बढ़ सकें। एचसीएल जिगसॉ कोई क्विज़ या ओलंपियाड नहीं है, बल्कि यह एक लॉन्चपैड है, जो युवा विचारकों, सहयोगियों और रचनाकारों को समर्पित है। अब तक हमें मिली भागीदारी शानदार रही है। ऐसे में, अब हम इस एडिशन से और भी अधिक स्कूलों को प्रेरित करने के लिए उत्साहित हैं, ताकि वे अपने छात्रों की क्षमता को उजागर कर सकें, जहाँ कक्षाएँ वास्तविक दुनिया से मिलती हैं।

# स्प्राइट की बोतल से निकला हंसी का जिन्न, कपिल शर्मा-अनुराग कश्यप की जोड़ी ने मचाया धमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नींबू और नींबू-पानी के फ्लेवर वाली लोकप्रिय बेवरेज स्प्राइट ने अपने सुपरहिट कैंपेन 'जोक इन ए बॉटल' के नए सीजन के साथ फिर एक बार धूम मचाई है। जेन ज़ी की सोच और पॉप कल्चर को साथ लेकर यह नया संस्करण एक दिलचस्प ट्विस्ट के साथ आया है, जिसमें पहली बार कॉमेडी किंग कपिल शर्मा और संजीदा फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप की जोड़ी नजर आ रही है। दोनों की मजेदार नोकझोंक से भरपूर इस कैंपेन में दर्शकों को हंसी और ताजगी का डबल डोज मिलता है।

ब्रांड फिल्म की शुरुआत अनुराग कश्यप द्वारा कपिल शर्मा को एक रिलेटेबल ऐडकाआइडियादेनेसेहोतीहै, जिसके बाद दोनों की रचनात्मक सोच आपस में टकराती है।




कपिल जहां अनुराग के ऐड डेब्यू का मजाक उड़ाते हैं, वहीं अनुराग अपने विजन को जमकर बचाते हैं और इसी टकराव से निकलती है हंसी की फुल ऑन डोज। क्लाइमेक्स में कपिल के पंच के साथ जब अनुराग 'जोक इन ए बॉटल' को अपने स्टाइल में जादुई चिराग में बदल देते हैं, तो दर्शकों की हंसी थम नहीं पाती। यह तीसरा सीजन भी स्प्राइट के ट्रेडमार्क रिफ्रेशमेंट और ह्यूमर का वही मजेदार मेल लेकर आया है, जो 'ठंड रख' के फॉर्मूले को और भी एंटरटेनिंग बनाता है।

'जोक इन ए बॉटल' सिर्फ एक विज्ञापन नहीं बल्कि एक एंटरटेनमेंट प्रॉपर्टी बन चुका है, जिसमें शॉर्ट कॉमिक वीडियोज़, मजेदार मीम्स और टॉप क्रिएटर्स के कंटेंट से भरपूर एक खास मीम स्टूडियो शामिल है।



# मोहित सूरी की 'सैयारा' में चंकी पांडे के भतीजे के साथ आएंगी नजर अनीत पड्डा?

मोहित सूरी की आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'सैयारा' में लीड फीमेल एक्टर के तौर पर अनीत पड्डा नजर आएंगी। वह चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे के साथ इस फिल्म में कास्ट हुई हैं। मंगलवार को मोहित सूरी की आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'सैयारा' के रिलीज डेट और इसके लीड एक्टर्स की आधिकारिक घोषणा हुई। यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में चंकी पांडे के भाई चिक्की पांडे के बेटे अहान पांडे और अनीत पड्डा लीड भूमिका में नजर आएंगे। सभी की निगाहें अहान और अनीत पर टिकी हैं। जानते हैं आखिर कौन हैं अनीत पड्डा?



### कहां से की अभिनय की शुरुआत?

अनीत पड्डा ने काजोल, विशाल जेठवा और प्रियामणि की 'सलाम वेंकी' से अपने अभिनय की शुरुआत की। साल 2022 में रिलीज होने वाली इस फिल्म में अनीत ने नंदिनी की भूमिका निभाई थी। साल 2024 में, उन्होंने नित्या मेहरा की वेब सीरीज बिग 'गर्ल्स डोंट क्राई' में अभिनय किया, जहां उन्होंने रूही आहूजा की भूमिका निभाई।

### सोशल मीडिया पर मौजूदगी

22 साल की अनीत सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा सक्रिय नहीं रहती हैं। हालांकि, वह अपने काम से जुड़े अपडेट लगातार साझा करती रहती हैं।

# टाइगर श्रॉफ को जान से मारने की धमकी के मामले में बड़ा खुलासा



**बॉलीवुड** स्टार्स की चमक-धमक भरी लाइफ को देख हर किसी के मन में यह जरूर आता है- वाह! क्या लाइफ है, लेकिन यह स्टारडम उनकी कई परेशानियों का कारण भी बन जाता है। उन्हें कड़ी सुरक्षा में चलना पड़ता है। कभी वह फैंस की भीड़ से घिर जाते हैं, तो कभी कोई उन्हें जान से मारने की धमकी दे देता है। ऐसी ही जान से मारने की धमकी को लेकर एक्टर टाइगर श्रॉफ सुर्खियों में बने हुए हैं। जब इस बात की खबर मुंबई पुलिस को मिली, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। हालांकि बाद में इस मामले में चौंकाने वाला मोड़ सामने आया। दरअसल, मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को एक फोन आया, जिसमें पुलिस को बताया गया कि सिक्योरिटी कंपनी ट्रिग के कुछ लोग एक्टर टाइगर श्रॉफ की हत्या करने जा रहे हैं। उनकी हत्या के लिए हथियार और दो लाख की सुपारी भी दी गई है। इस फोन कॉल के बाद पुलिस हरकत में आ गई और फौरन जांच शुरू कर दी।

जांच में सूचना को गलत पाया गया और पता चला कि यह फोन कॉल 35 वर्षीय मनीष कुमार सुजिंदर सिंह ने की है, जो मूल रूप से पंजाब का रहने वाला है। खार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है। आए दिन अभिनेताओं को जान से मारने की धमकी मिलती रही है। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम बॉलीवुड एक्टर सलमान खान का आता है। इससे पहले सलमान को भी कंट्रोल रूम में इसी तरह की धमकी भरी कॉल आई थी। उन्हें कई बार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उनके गैंग की तरफ से जान से मारने की धमकी मिल चुकी हैं। उनके मुंबई स्थित घर में दो बाइक सवारों ने फायरिंग भी की थी, जिसके बाद उनकी सुरक्षा को बढ़ा दिया गया।

टाइगर श्रॉफ की बात करें तो उन्होंने साल 2014 में फिल्म हीरोपंती से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस कृति सेनन नजर आई थीं, दोनों की केमिस्ट्री

## पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया केस

को काफी पसंद किया गया। इसके बाद वह बागी में नजर आए, जिसमें उन्होंने अपने स्टंट और फाइट सीक्वेंस से लोगों को अपना दीवाना बना दिया। इसके अलावा, उन्होंने ए फ्लाइंग जट्ट, मुन्ना माइकल, हीरोपंती 2, वॉर, स्टूडेंट ऑफ द ईयर, गणपत, बागी-2, बागी 3 और सिंघम अगेन जैसी फिल्मों के जरिए बॉलीवुड में स्टारडम हासिल किया। वह अब बागी 4 की तैयारियों में जुटे हैं।

# लोग मेरे बारे में जानते नहीं हैं: रानी चटर्जी

भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन रानी चटर्जी फिटनेस के मामले में बॉलीवुड एक्ट्रेसेज को कड़ी टक्कर देती हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और वर्कआउट के वीडियोज पोस्ट करती रहती हैं। इसी कड़ी में उन्होंने एक बार फिर वर्कआउट को लेकर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। अपने जिम लुक से वह फैंस के दिलों पर राज कर रही हैं। फोटोज में रानी जिम में नजर आ रही हैं और वर्कआउट कर रही हैं। इसके अलावा, अन्य तस्वीरों में वह सेल्फी क्लिक करती दिख रही हैं। इंस्टाग्राम पर इस पोस्ट को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, हैलो मंडे.. अपने आप से प्यार करो, अपने ऊपर काम करो, बहुत से लोग मेरे बारे में जानते नहीं हैं कि मुझमें बहुत धैर्य है। रानी के इस पोस्ट को और उनके जिम लुक को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि रानी चटर्जी का असली नाम साहिबा शेख है। सभी सरकारी दस्तावेजों में वह इसी नाम से पहचानी जाती हैं। उनके फिल्मी नाम से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा भी है। बताया जाता है कि साल 2004 में वह भोजपुरी फिल्म ससुरा बड़ा पैसा वाला की शूटिंग कर रही थीं। इस फिल्म का एक सीन मंदिर में शूट होना था। कथित तौर पर जब एक रिपोर्टर ने उनसे उनका नाम पूछा, तब डायरेक्टर ने हंगामे से बचने के लिए उनका नाम बदलकर रानी चटर्जी बता दिया। डायरेक्टर को डर था कि वहां के लोग मुस्लिम लड़की के मंदिर में प्रवेश करने से हंगामा कर सकते हैं। इसके बाद वह रानी के नाम से ही मशहूर हो गईं।

# शाहरुख के बाद आमिर भी खाली करेंगे बांद्रा वाला घर



शाहरुख खान के बाद आमिर खान भी अपने बांद्रा स्थित घर को खाली करने जा रहे हैं, क्योंकि उसका रिनोवेशन किया जा रहा है। अभिनेता के पाली हिल स्थित घर को मैन इंफ्राकंस्ट्रक्शन लिमिटेड (एमआईसीएल) द्वारा अल्ट्रा-लक्जरी प्रोजेक्ट में तब्दील किया जाएगा। शाहरुख खान के मुंबई में अपने घर मन्नत से बाहर निकलने के कुछ दिनों बाद अभिनेता आमिर खान भी पाली हिल में अपने घर से बाहर निकलने की तैयारी कर रहे हैं, क्योंकि इमारत का रिनोवेशन किया जा रहा है। रियल एस्टेट डेवलपर मैन इंफ्राकंस्ट्रक्शन लिमिटेड इस साल के अंत में मुंबई के बांद्रा में पाली हिल इलाके में एक अल्ट्रा-लक्जरी प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह प्रोजेक्ट विर्गो कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी के रिनोवेशन का हिस्सा है।

### आमिर का अपार्टमेंट

आमिर खान ने बांद्रा के पाली हिल इलाके में एक और अपार्टमेंट खरीदा था। यह संपत्ति 1027 वर्ग फीट में फैली है और इसकी कीमत नौ करोड़ रुपये है।

# अमिताभ बच्चन ने शेयर किया मंत्र बताया- यह सभी बीमारियों का इलाज



**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन 82 साल की उम्र में भी काफी फिट और एनर्जेटिक हैं। फिल्मों में उनका जज्बा यंग एक्टर्स के लिए प्रेरणादायक होता है। उनका करियर पांच दशकों से भी ज्यादा लंबा है। अपने जोश और जज्बे को लेकर बिग बी ने बड़ा खुलासा किया और सभी बीमारियों का एक इलाज बताते हुए मंत्र भी फैंस के साथ शेयर किया। अमिताभ ने सोशल नेटवर्किंग साइट टम्बलर पर अपने ब्लॉग में लिखा, काम सभी बीमारियों का इलाज है... मैंने काम किया... बिग बी ने अपने करियर में 200 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। उनकी पहली फिल्म सात हिंदुस्तानी थी, जिसमें उन्होंने अनवर अली नाम के एक कवि का किरदार निभाया था। लेकिन, असली पहचान उन्हें प्रकाश मेहरा की फिल्म जंजीर से मिली।

इस फिल्म में उन्होंने इंस्पेक्टर विजय खन्ना की भूमिका निभाई। इसके बाद उन्होंने शोले, दीवार, शहंशाह, मर्द, कुली, आनंद, रोटी कपड़ा और मकान जैसी एक के बाद एक सुपरहिट फिल्में दी। उन्होंने हेरा फेरी, अमर अकबर एंथोनी, परवरिश, कसमे वादे, डॉन, त्रिशूल, मुकद्दर का सिकंदर, सुहाग, दोस्ताना, नसीब, लावारिस, नमक हलाल, अंधा कानून, शराबी, नमक हराम, अभिमान, काला पत्थर, शान, सिलसिला, याराना, कालिया, शक्ति, मिली, चुपके चुपके, चीनी कम, निशब्द, ब्लैक, पीकू और पिंक जैसी शानदार फिल्मों में भी काम किया। अमिताभ ने 2024 में वेट्टैयन के साथ तमिल डेब्यू भी किया। वर्कफ्रंट की बात करें तो 2015 में रिलीज हुई, उनकी कॉमेडी ड्रामा फिल्म पीकू 9 मई को एक बार फिर सिनेमाघरों में आने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन शूजित सरकार ने किया है।

# शाहरुख खान के साथ काम करेंगे अरशद वारसी

शाहरुख खान की फिल्म किंग एक वजह से सुर्खियों में है और वो है कास्टिंग। हालांकि फिल्म की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन शुरुआत में ऐसी खबरें थीं कि शाहरुख के अलावा इस फिल्म में उनकी बेटी सुहाना खान, अभिषेक बच्चन और मुंजा फेम एक्टर अभय वर्मा भी हैं। हालांकि, पिछले कुछ हफ्तों से एक बार फिर फिल्म की कास्टिंग को लेकर कई खबरें आ रही हैं।



**अरशद वारसी हुए फिल्म में शामिल?**

अब खबर है कि फिल्म में एक और कलाकार की एंट्री हुई है। अब पीपिंग मून की एक रिपोर्ट के मुताबिक, किंग की कास्ट में अरशद वारसी भी शामिल हो गए हैं। कथित तौर पर अभिनेता इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे और उनके किरदार के बारे में ज्यादा जानकारी गुप्त रखी गई है।

**अरशद की फिल्म में शाहरुख खान ने किया था कैमियो**

2005 में शाहरुख खान ने अरशद की फिल्म कुछ मीठा हो जाए में कैमियो किया था, लेकिन दोनों ने एक साथ ऐसी कोई फिल्म नहीं की है जिसमें उन्होंने पूरी भूमिका निभाई हो। दिलचस्प बात यह है कि शाहरुख खान को मुन्ना भाई एमबीबीएस का ऑफर किया गया था, लेकिन वह इसे नहीं कर पाए, इसलिए अगर सुपरस्टार राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में काम करते तो वह और अरशद असली मुन्ना और सर्किट होते।



### दीपिका भी होंगी फिल्म का हिस्सा?

कुछ दिनों पहले ऐसी खबरें आई थीं कि दीपिका पादुकोण को इस फिल्म में एक विस्तारित कैमियो करने के लिए चुना गया है। कथित तौर पर, वह फिल्म में सुहाना खान की मां और शाहरुख की पूर्व प्रेमिका के रूप में नजर आएंगी। हालांकि, इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने एक्स पर पोस्ट किया था, फॉल्स। अब सिद्धार्थ के इस ट्वीट ने यूजर्स को सोच में डाल दिया कि क्या वह दीपिका के फिल्म में अभिनय करने की खबरों का खंडन कर रहे हैं।

# तय समय पर रिलीज नहीं होगी विजय देवरकोंडा की किंगडम? अनिरुद्ध रविचंदर बने फिल्म में देरी की वजह

विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म किंगडम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का पहला टीजर जारी किया था, जिसके बाद से फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर और उत्साह बढ़ गया। हालांकि, अब लगता है कि फिल्म की रिलीज पर संकट आ गया।



**फिल्म की रिलीज में हो सकती है देरी**

विजय देवरकोंडा ने जर्सी के निर्देशक गौतम तिन्नानुरी के साथ किंगडम के लिए हाथ मिलाया। यह फिल्म एक साल से अधिक समय से बन रही है और 30 मई, 2025 को स्क्रीन पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन ताजा चर्चा के अनुसार, किंगडम की रिलीज को टाला जा सकता है। इसके कई कारण हैं, लेकिन फिल्म के साथ सबसे बड़ी समस्या संगीत है।

**इस वजह से फिल्म में हो रही देरी**


अनिरुद्ध किंगडम के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं और उन्हें अभी बैकग्राउंड स्कोर तैयार करना है। उन्हें अभी बहुत सारा काम पूरा करना है, और चूंकि वे कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें विजय की फिल्म के लिए समय नहीं मिल पा रहा है। ओटीटी प्ले के अनुसार, निर्माता थोड़े चिंतित हैं, क्योंकि उन्होंने किंगडम के लिए भारत भर में व्यापक प्रचार की योजना बनाई है और यदि वे तारीख से चूक जाते हैं तो उन्हें अगस्त 2025 की ओर देखना होगा, क्योंकि मई और जून में अन्य तेलुगु बड़ी फिल्में रिलीज होंगी।

**फिल्म का एक शेड्यूल भी है बाकी**

निर्माता नागा वामसी ने अपने कई साक्षात्कारों में खुलासा किया कि अनिरुद्ध एक ऐसे संगीतकार हैं, जो दबाव में काम नहीं करते और अपनी शर्तों पर काम पूरा करते हैं।

## अनुराग कश्यप ने फिर मांगी माफी

# मैं मर्यादा भूल गया, पूरे ब्राह्मण समाज को बुरा बोल डाला...



फिल्म निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप का ब्राह्मणों पर दिया गया विवादित बयान तूल पकड़ता जा रहा है। इस बीच मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कश्यप ने दोबारा से आहत लोगों से माफी मांगी है। कश्यप का कहना है कि वह गुस्से में आकर मर्यादा भूल गए थे। आगे वह ध्यान देंगे कि बातचीत के दौरान सही शब्दों का इस्तेमाल करें।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अनुराग कश्यप ने एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें लिखा, मैं गुस्से में किसी को एक जवाब देने में अपनी मर्यादा भूल गया और पूरे ब्राह्मण समाज को बुरा बोल डाला। वो समाज जिसके तमाम लोग मेरी जिंदगी में रहे हैं, आज भी हैं और उन्होंने बहुत योगदान दिया है। आज वो सब मुझसे आहत हैं। मेरा परिवार मुझसे आहत है। बहुत सारे बुद्धिजीवी, जिनकी मैं इज्जत करता हूं, वे भी मेरे उस गुस्से में बोलने के तरीके या बयान से आहत हैं।

दिल से माफी मांगते हुए कश्यप ने आगे कहा, मैंने ऐसी बात करके अपनी ही बात को मुद्दे से भटका दिया। मैं तहे दिल से इस समाज से माफी मांगता हूं। मैं इन्हें ये नहीं कहना चाह रहा था, लेकिन आवेश में किसी की घटिया टिप्पणी का जवाब देते हुए ऐसा लिख दिया। मैं अपने बोलने के तरीके के लिए, अभद्र भाषा के लिए अपने उन तमाम सहयोगियों, दोस्तों, अपने परिवार से और उस समाज से माफी मांगता हूं। माफी मांगने के साथ ही अनुराग ने आगे कहा कि उनसे ऐसी गलती आगे कभी नहीं होगी। उन्होंने आगे कहा, अब आगे से ऐसा न हो, मैं उस पर काम करूंगा। अपने गुस्से पर काम करूंगा और मुद्दे की बात अगर करनी हो तो सही शब्दों का इस्तेमाल करूंगा। आशा है आप मुझे माफ कर देंगे। यह विवाद शुक्रवार को तब शुरू हुआ, जब अनुराग कश्यप ने इंस्टाग्राम पर एक यूजर को जवाब देते हुए ब्राह्मणों को लेकर बेहद शर्मनाक बात लिखी, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जमकर बवाल मचा और लोगों ने उनकी कड़ी आलोचना की।

अनुराग कश्यप के बयान पर ब्राह्मण रक्षा मंच ने रविवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपकमिंग फिल्म फुले पर सरकार से रोक लगाने की मांग की। उन्होंने फिल्म के जरिए ब्राह्मणों को अपमानित करने का आरोप लगाया। ब्राह्मण रक्षा मंच के साथ ही फिल्मी जगत के कई सितारे उनकी कड़ी आलोचना कर रहे हैं। कश्यप के बयान से नाराज अभिनेत्री पायल घोष ने पोस्ट शेयर कर कहा कि वह बॉलीवुड से दूर रहें, इंडस्ट्री उनके बिना खुश है। गीतकार-लेखक मनोज मुंतशिर ने तो अनुराग कश्यप को औकात में रहने तक की सलाह दे दी।

साभार एजेंसी

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टैकपोल का निधन, गाबा में इंग्लैंड के खिलाफ खेली थी 207 रन की यादगार पारी



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज कीथ स्टैकपोल का हृदयघात से निधन हो गया है। वह 84 वर्ष के थे। उन्होंने वर्ष 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। स्टैकपोल ने ऑस्ट्रेलिया के 43 टेस्ट मैच खेले और 7 शतक के साथ 2087 रन बनाए। इसके साथ ही उन्होंने लेग स्पिन गेंदबाज के रूप में 15 विकेट भी लिए।

उन्होंने केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 207 रन 1970 में गाबा में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 55.21 की औसत से तीन शतक बनाए। इयान चैपल की कप्तान में 1972 की एशेज में उन्होंने 53.88 की औसत से 485 रन बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्टैकपोल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कुल मिलाकर 10,100 रन बनाए और 148 विकेट लिए। वे एक प्रमुख टीवी और रेडियो कमेंटेटर भी रहे। उन्हें 1973 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया। स्टैकपोल ने 1974 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने कहा, 'कीथ क्रिकेट के खेल में सबसे महान योगदानकर्ताओं में से एक थे और उनकी विरासत भविष्य में भी कायम रहेगी।

## थप्पड़ से किया घायल, लाईव मैच में धराशायी हुआ ये खिलाड़ी, पाकिस्तान सुपर लीग में चौंकाने वाला मामला



**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान में चल रही टी20 लीग से चौंकाने वाला मामला सामने आया है. वहां 22 अप्रैल को मुल्तान सुल्तांस और लाहौर कलंदर्स के बीच खेले मुकाबले में घटी एक घटना ने सबका ध्यान खींचा है. मामला थप्पड़ मारने और उससे एक खिलाड़ी के घायल होने से जुड़ा है. हालांकि, ये सबकुछ जान-बूझकर नहीं हुआ. फिर भी गलती से हुई वो मिस्टेक उस खिलाड़ी को जमीन पर गिराने के लिए काफी रही, जिसे थप्पड़ लगा. मामला मुल्तान सुल्तांस के दो खिलाडियों उबैद शाह और उस्मान खान से जुड़ा है. मैच में ये घटना लाहौर कलंदर्स की इनिंग के 15वें ओवर में घटी. इस ओवर की आखिरी गेंद पर उबैद शाह ने सैम बिलिंग्स का विकेट लिया. जिसका जश्न मनाने के चक्कर में उबैद शाह, विकेटकीपर उस्मान खान को हाई-फाई देने गए. मगर वो उसका सही से अंदाजा नहीं लगा पाए और वो सीधा थप्पड़ की तरह उनके चेहरे पर लगा. इस घटना में उस्मान खान को थोड़ी चोटें आई और वो जमीन पर भी धराशायी हुए पड़े दिखे.

**मैड्रिड ओपन:**

## तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन में उतरेंगे जोकोविच, 100वें टूर खिताब पर रहेगी नजरें

**मैड्रिड, एजेंसी।** जोकोविच मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन रहे हैं। उन्होंने 2011, 2016 और 2019 में यहां खिताब जीते हैं। वह 2022 के सेमीफाइनल में अल्कारेज से हार के बाद यहां पहली बार खेलेंगे। पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच तीन साल में पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में उतरेंगे। उनकी निगाह अपने 100वें टूर खिताब पर होगी। जोकोविच को चौथी वरीयता दी गई है और वह उसी हाफ में हैं जिसमें दूसरी वरीयता प्राप्त स्थानीय दर्शकों के चहेते कार्लोस अल्कारेज होंगे। जोकोविच का मैड्रिड ओपन में जीत हार का रिकॉर्ड 30-9 का है। 37 वर्षीय जोकोविच मैड्रिड में तीन बार के चैंपियन रहे हैं। उन्होंने 2011, 2016 और 2019 में यहां खिताब जीते हैं। वह 2022 के सेमीफाइनल में अल्कारेज से हार के बाद यहां पहली बार खेलेंगे। हाल में म्यूनिख में खिताब जीतने वाले दुनिया के दूसरे नंबर के अलेक्जेंडर ज्वेरेव यहां शीर्ष वरीय होंगे, जबकि तीसरी वरीयता टेलर फ्रिट्ज को दी गई है। बार्सिलोना ओपन के दौरान अल्कारेज अपने दाएं पांव का इलाज करना पड़ा। अल्कारेज को उम्मीद है कि चोट उन्हें मैड्रिड में परेशान नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसा होता है कि जब आप बहुत ज्यादा मैच खेलो और आपको आराम करने के लिए कम दिन मिले।

**आईपीएल 2025**

# राहुल बने सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले बल्लेबाज



**लखनऊ, एजेंसी।** केएल राहुल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) पर दिल्ली कैपिटल्स की आठ विकेट की जीत के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। राहुल ने 130 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की और इस सूची में डेविड वॉर्नर (135), विराट कोहली (157), एबी डिविलियर्स (161) और शिखर धवन (168) को पीछे छोड़ दिया।

आईपीएल 2024 में (लखनऊ सुपर जायंट्स) के लिए कप्तानी कर चुके राहुल इस साल दिल्ली कैपिटल्स के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर खेल रहे हैं। गत वर्ष राहुल की लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक से तीखी नोकझोंक के बाद फ्रैंचाइजी द्वारा उन्हें रिलीज कर दिया गया था। राहुल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने 42 गेंदों पर पर नाबाद 57 रनों का पारी खेली। उन्होंने एडन मारक्रम, दिग्वेश राठी और रवि बिश्नोई के स्पिन आक्रमण के खिलाफ सावधानी से बल्लेबाजी की।

हालांकि, बीच-बीच में वह अपने शॉट्स भी खेलते रहे। राहुल ने 40 गेंदों में तीन चौकों और 3 छक्कों की मदद से अर्धशतक बनाया और अक्षर पटेल के साथ मिलकर लखनऊ के गेंदबाजों को वापसी करने का मौका नहीं दिया। उन्होंने प्रिंस यादव की गेंद पर छक्का लगाकर मैच अपने नाम कर लिया। राहुल इस सीजन में जबरदस्त फॉर्म में हैं, वह हाल ही में 200 आईपीएल छक्के लगाने वाले सबसे तेज भारतीय बने और वे वेस्टइंडीज के बड़े हिटर क्रिस गेल और आंद्रे रसेल के बाद तीसरे सबसे तेज खिलाड़ी हैं।

राहुल इस सीजन में दिल्ली के लिए शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने इस मौके पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इस सीजन में उनका स्ट्राइक रेट 155.67 रहा है जो लीग में उनके 12 सीजन का दूसरा सबसे अधिक स्ट्राइक रेट है। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने आठ पारियों में 359 रन बनाए हैं और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है।

उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रहा, जब उन्होंने नाबाद 93 रन की पारी खेली और टीम को छह विकेट से जीत दिलाई। राहुल निजी कारणों के चलते दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपना पहला मैच नहीं खेल पाए थे।

## केएल राहुल और विराट कोहली के बीच हैरतअंगेज संयोग, इस लत के बारे में जानकर ठनक जाएगा माथा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केएल राहुल और विराट कोहली. दोनों दो अलग बल्लेबाज. खेलने का अंदाज अलग, मिजाज अलग. लेकिन, लत दोनों को एक सी लगी है. आदत दोनों की एक सी दिख रही है. दोनों को लगी लत का नतीजा अब ये है कि उनके साथ एक हैरतअंगेज संयोग जुड़ चुका है. सबसे पहले तो ये जान लीजिए कि दोनों को लत क्या लगी है? उसके तार आईपीएल में रन चेज कर इनके मैच जिताने से जुड़ते हैं. और, संयोग ये है कि उस मामले में दोनों की कहानी पिछले 7 सालों से हूबहू एक सी है. आईपीएल में चेज करते हुए टीम को जिताने के दौरान केएल राहुल ने जितने रन बनाए हैं, पिछले 7 सालों में उतने ही रन विराट कोहली के बल्ले से भी निकले हैं. मतलब साल 2018 से अब तक कोहली और राहुल आईपीएल में चेज कर रन बनाने और मैच जिताने के मामले में एक जैसे हैं. आईपीएल में विनिंग चेज में विराट कोहली ने साल 2018 से अब तक 1222 रन बनाए हैं. इतने ही रन इस दौरान केएल राहुल के भी हैं. अब दो बल्लेबाजों के बीच ऐसी समानता देखकर माथा तो ठनकेगा ही.

**दो बल्लेबाज, सात साल, फिर भी एक बराबर रन**


आईपीएल में विराट कोहली ने विनिंग चेज में 1222 रन 76.38 की औसत और 144.4 की स्ट्राइक रेट से बनाए हैं. उन्होंने इस दौरान 12 फिफ्टी प्लस स्कोर बनाए हैं, जिसमें 100 रन उनका बेस्ट स्कोर है. वही अगर केएल राहुल की बात करें तो उन्होंने अपने 1222 रनों की स्क्रिप्ट 81.47 की औसत और 149.2 की स्ट्राइक रेट से लिखी है. उन्होंने 14 फिफ्टी प्लस स्कोर जड़े हैं. जबकि नाबाद 98 रन राहुल का बेस्ट स्कोर रहा है.

**आईपीएल 2025 में**

### विराट और राहुल की टीम

आईपीएल में विराट कोहली आरसीबी का हिस्सा हैं. वहीं केएल राहुल ने 2018 से अब तक कई टीमों से क्रिकेट खेला है. आईपीएल 2025 में राहुल दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं और शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं. आईपीएल 2025 में विराट और राहुल दोनों की ही टीमें अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं. राहुल की टीम दिल्ली कैपिटल्स पॉइंट्स टेबल में फिलहाल नंबर दो पर है. वहीं विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु भी टॉप फोर में बनी है.

## आईपीएल 2025: दिल्ली कैपिटल्स करने जा रही इस बार भी प्लेऑफ में एंट्री! आंकड़े दे रहे गवाही



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 8 विकेट से मात दे दी। इस मैच में मुकेश कुमार ने चार विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई, जिसके चलते उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड मिला। यह आईपीएल 2025 का 40वां मैच था, जिसमें दिल्ली कैपिटल्स ने अपनी फॉर्म का एक बार फिर प्रदर्शन किया। यह टीम अपने 8 मैचों में अभी तक 6 जीत दर्ज कर चुकी है और प्लेऑफ में जाने की प्रबल दावेदार के तौर पर उभरी है। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश कर रही डीसी की टीम के लिए यह इस लीग के इतिहास में पांचवां मौका है, जब उन्होंने अपने शुरुआती आठ मैचों में छह जीत दर्ज की हैं। ताजा जीत से अंक तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद डीसी की टीम ने इससे पहले सीजन 2009, 2012, 2020, 2021 में शुरुआती आठ मैचों में छह जीत दर्ज की थी। खास बात यह है कि इन चारों मौकों पर डीसी की टीम ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है। ऐसे में आंकड़े अगर कुछ इशारा करते हैं, तो इस बार भी दिल्ली कैपिटल्स प्लेऑफ में जाने के लिए बड़ा कदम बढ़ा चुकी है। आईपीएल 2025 में प्रत्येक टीम को 14-14 मैच खेलने हैं। दिल्ली कैपिटल्स की टीम गुजरात टाइटंस के साथ टॉप-2 पर मौजूद है। दोनों ही टीमों ने आठ मैचों में छह जीत दर्ज की हैं।

हालांकि नेट रन रेट के आधार पर डीसी को दूसरा स्थान मिला है। इस मैच में केएल राहुल अपनी पुरानी टीम के खिलाफ खेल रहे थे और उन्होंने 42 गेंदों पर 57 रनों की पारी खेली, जिसमें वह नाबाद पवेलियन लौटे। राहुल एक शानदार बल्लेबाज रहे हैं, जिन्होंने आईपीएल में सबसे तेज 5,000 रन भी पूरे कर लिए हैं। राहुल ने इसके लिए केवल 130 पारी ली हैं। डेविड वार्नर ने इससे पहले 135 पारियों में पांच हजार रन पूरे किए थे। विराट कोहली 157 पारियों में ऐसा कर चुके हैं।

**हॉकी:**

## भैंस को चारा-पानी देने वाली काशी की बेटी पूजा ऑस्ट्रेलिया में 23 नंबर की जर्सी में लहराएंगी तिरंगा



**वाराणसी, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलेगी। भारतीय महिला हॉकी टीम में गंगापुर की निवासी पूजा यादव का चयन हुआ है। मिडफील्डर पूजा वाराणसी की पहली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गई, जिसका चयन भारतीय महिला हॉकी टीम में शामिल किया गया है। पांच मैचों की अंतरराष्ट्रीय हॉकी शृंखला खेलने काशी की बेटी पूजा यादव मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं। 23 नंबर की जर्सी में 26 अप्रैल को पहला मैच पर्थ में खेलेंगी। गंगापुर निवासी दुधिया की बेटी पूजा यादव का बचपन गरीबी में गुजरा है। वह गंगापुर नगर पंचायत के एक कमरे के पुश्तैनी मकान में 6 बहनों और भाई के साथ रहती हैं। वह खेल के साथ अपनी भैंस को चारा और पानी भी देती थीं। मां कलावती देवी ने बताया कि वह हर रोज पूजा के टीम में चयन होने की दुआ मांगती थीं। उनकी इच्छा है कि बेटी हॉकी में जीत दिलाकर देश का मान बढ़ाए। पति महेंद्र यादव बेटी को खेलने नहीं जाने देते थे। उसके खेल को देखकर लोगों ने पिता से तारीफ की। ओलंपियन ललित उपाध्याय ने काफी मदद की। उन्होंने बेटी को हॉकी किट दी थी। गंगापुर हॉकी अकादमी के प्रदीप सिंह, चरण दास गुप्ता ने बताया कि पूजा ने गंगापुर मैदान और अकादमी से हॉकी सीखी है। सचिव अवधेश लाल मौर्य ने बताया कि पूजा यादव ने जूनियर नेशनल में गोल्ड मेडल जीता था। प्रतिभा देखकर बहुत से लोगों ने हॉकी खेलना शुरू किया।

### ओलंपियन ने बताया कि टीम की महत्वपूर्ण खिलाड़ी

ओलंपियन ललित उपाध्याय ने बताया कि पूजा भारतीय महिला हॉकी टीम की महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। मिडफिल्डर पर खेल को आगे बढ़ाने के साथ खेल की गति बरकरार रखने की जिम्मेदारी होती है। वैसे खिलाड़ी किस पोजीशन से खेलेगा यह खेल की रणनीति पर निर्भर करता है। मैच के अनुसार रणनीति में बदलाव भी होता है।

### छह भाई-बहनों में पांचवें नंबर की हैं पूजा

छह भाई बहनों में पूजा पांचवें नंबर पर है। उनसे छोटा एक भाई है। तीन बहनों की शादी हो चुकी है। पूजा यादव का चयन पिछले महीने सीनियर वूमेन नेशनल कोचिंग कैंप साई सेंटर बंगलूरू के लिए हुआ था। पूजा भारतीय टीम के साथ 21 अप्रैल से 5 मई तक ऑस्ट्रेलिया में खेलेंगी।

### खेलो इंडिया यूथ गेम में जीता था स्वर्ण पदक

पूजा ने उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलो इंडिया में हिस्सा लेते हुए गोल्ड मेडल जीता, सीनियर नेशनल साइन डिपार्टमेंटल में कांस्य पदक जीत चुकी हैं। उत्तर प्रदेश की ओर से सीनियर नेशनल में भी प्रतिभाग किया। इस शृंखला में चयन होने पर पूजा ने खुशी जाहिर की है। कहा कि अब बड़ा लक्ष्य है।

# आईपीएल 2025: राजस्थान के खिलाफ घरेलू मैदान पर रिकॉर्ड में सुधार करने उतरेगा आरसीबी

**बेंगलुरु एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में जब राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य अपने घरेलू मैदान चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने रिकॉर्ड में सुधार करना होगा। आरसीबी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

आरसीबी ने देश के अन्य स्थानों पर अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन अपने घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन के कारण उसको नुकसान हो रहा है। आरसीबी के बल्लेबाज अजीब तरह के दबाव में नजर आ रहे हैं जबकि उसके गेंदबाज भी यहां की पिच से सामंजस्य नहीं बिठा पा रहे हैं। यहां की पिच धीमी है और आरसीबी के बल्लेबाज उस पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। वह इस दुविधा में नजर आते हैं कि संभलकर खेला जाए या फिर आक्रामक रवैया अपनाया जाए। इसका सबूत यहां टीम का स्कोर है। आरसीबी की टीम अभी तक यहां आठ विकेट पर 169 रन, सात विकेट पर 163 रन और नौ विकेट पर 95 रन (14 ओवर में) ही बना पाई है। अन्य स्थानों पर उन्होंने प्रति ओवर 9-10 रन बनाए हैं, लेकिन यहां यह दर गिरकर 7-8 रन प्रति ओवर हो गई है। आरसीबी की बल्लेबाजी के मुख्य आधार विराट कोहली ने अभी तक इस सत्र में 64 की औसत से रन बनाए हैं लेकिन फिल साल्ट, देवदत्त पडिक्कल और कप्तान रजत पाटीदार से



बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है। आरसीबी के गेंदबाज भी पिच से मदद मिलने के बावजूद उसका फायदा नहीं उठा पाए हैं। आरसीबी को अगर अपने घरेलू मैदान पर हार का सिलसिला तोड़ना है तो उसके गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के 10 अंक हैं और वह तालिका में तीसरे स्थान पर है लेकिन पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के भी 10 अंक हैं। मुंबई इंडियंस आठ अंकों के साथ उनसे ज्यादा दूर नहीं है। राजस्थान रॉयल्स की भी अपनी समस्याएं हैं। कप्तान संजू सैमसन चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी अनुपस्थिति में रियान पराग कप्तानी करेंगे। रॉयल्स के अभी चार अंक हैं और वह अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। राजस्थान के प्रमुख बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, पराग, शिमरोन हेटमायर और नितीश राणा आठ मैचों में छह हार के बावजूद अच्छी फॉर्म में हैं और युवा वैभव सूर्यवंशी द्वारा की गई शुरुआत भी उत्साहजनक है।

लेकिन राजस्थान के गेंदबाजों ने अभी तक निराश किया है। वानिंदु हसरंगा (छह मैच में नौ विकेट) ने उसकी तरफ से अभी तक सर्वाधिक विकेट लिए हैं लेकिन श्रीलंकाई स्पिनर ने एक मैच में चार विकेट लिए हैं और बाकी में संघर्ष किया है। जोफ्रा आर्चर (आठ मैच, आठ विकेट), महेश थीक्षाना (आठ मैच, सात विकेट) और संदीप शर्मा (आठ मैच, छह विकेट) भी कुछ ऐसी ही कहानी पेश करते हैं।

# ट्रंप, पुतिन, नेतन्याहू सहित विश्व भर के नेताओं ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले की निंदा की

» वाशिंगटन/मॉस्को/लंदन, भाषा।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित विश्व भर के नेताओं ने जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। इस हमले में 26 लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान, चीन, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात और श्रीलंका के विदेश कार्यालयों ने भी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत में ट्रंप ने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की तथा इस जघन्य हमले के दोषियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए भारत को पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उन्होंने (ट्रंप ने) जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले में निर्दोष लोगों की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की। पोस्ट में कहा गया, भारत और अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं। इससे पहले ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा था, कश्मीर से बहुत परेशान करने वाली खबर आई है। आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ अमेरिका मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा, हम मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी और भारत के लोगों के साथ हमारा पूरा समर्थन और गहरी सहानुभूति है।**

हमारी संवेदनाएं आपके साथ हैं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को भेजे अपने संदेश में संवेदना व्यक्त की और कहा कि इस क्रूर अपराध का कोई औचित्य नहीं है तथा इसके दोषियों को उचित सजा मिलनी चाहिए। पुतिन ने आतंकवाद के सभी स्वरूपों से लड़ने में भारतीय भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ाने की रूस की प्रतिबद्धता दोहराई। इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वह इस बर्बर आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हैं जिसमें दर्जनों निर्दोष लोग मारे गए और घायल हुए हैं। उन्होंने कहा, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। इजराइल आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि वह पहलगाम में आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हैं और उन्होंने प्रभावित परिवारों, घायलों, सरकार और भारतीय लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस भारत की यात्रा पर हैं। वेंस ने इस जघन्य आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर लिखा, उषा और मैं भारत के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों में हम इस देश की खूबसूरती और इसके लोगों से अभिभूत हैं। हम इस भयावह हमले में लोगों के मारे जाने से शोकाकुल हैं और हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं। इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनका देश जम्मू कश्मीर में पर्यटकों पर आतंकवादी हमले से अत्यंत दुखी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए सशस्त्र हमले की कड़ी निंदा की और इस बात पर जोर दिया है कि नागरिकों के खिलाफ हमले किसी भी परिस्थिति में अस्वीकार्य हैं। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, महासचिव 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए सशस्त्र हमले की कड़ी निंदा करते हैं गुतारेस ने पीड़त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। दुजारिक ने कहा, महासचिव ने जोर देकर कहा कि नागरिकों के खिलाफ हमले किसी भी परिस्थिति में अस्वीकार्य हैं। यूरोपीय संघ के विदेश मामलों और सुरक्षा नीति के उच्च प्रतिनिधि काजा कालास ने भी एक्स पर एक पोस्ट में हमले की निंदा की। उन्होंने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की निंदा करता हूं, जिसमें कई निर्दोष लोगों की जान चली गई। पीड़ित परिवारों और भारत के लोगों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। यूरोपीय संघ आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ है। जर्मनी के विदेश कार्यालय ने इसे क्रूर हमला करार दिया कहा कि निर्दोष लोगों की हत्या का कोई औचित्य नहीं है। संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। बयान में कहा गया कि यूएई इन आपराधिक कृत्यों की कड़ी निंदा करता है तथा अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन कर सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करने के उद्देश्य से की गई हिंसा और आतंकवाद के सभी रूपों को स्थाई रूप से अस्वीकार करता है। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने हमले की निंदा की और जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त किया।



## यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने की आतंकवादी हमले की निंदा

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि यूरोप भारत के साथ है। पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 पर्यटक मारे गए हैं। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष ने बुधवार सुबह एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पहलगाम में आज हुए जघन्य आतंकी हमले ने कई मासूम लोगों की जान ले ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शोकाकुल हर भारतीय के साथ मेरी गहरी संवेदनाएं। उन्होंने कहा, मैं जानती हूं कि भारत की भावना को तोड़ा नहीं जा सकता। आप इस मुश्किल समय में मजबूती से खड़े रहेंगे और यूरोप आपके साथ है। मंगलवार दोपहर को पहलगाम में आतंकवादियों ने गोलीबारी की जिसमें 26 लोग मारे गए जिनमें ज़्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 में पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला है। मारे गए लोगों में एक यूएई और एक नेपाल का नागरिक भी शामिल है।

## पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले में पर्यटकों की मौत पर शोक जताया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बुधवार को कहा कि वह जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में पर्यटकों के मारे जाने पर शोक व्यक्त करता है। मंगलवार को हुए इस हमले में 26 लोग मारे गए जिनमें से ज्यादातर पर्यटक हैं। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने हमले के बारे में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा, हम अनंतनाग जिले में हुए हमले में पर्यटकों की जान जाने से चिंतित हैं। हम मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटन स्थल पर मंगलवार को आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए। मृतकों में ज्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 में पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला है। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सहयोगी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने मंगलवार को हमले की जिम्मेदारी ली। अधिकारियों ने कहा कि यह संभव है कि आतंकवादी समूह के सदस्य जम्मू के किश्तवाड़ से दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग के रास्ते बैसरन पहुंचे हों। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कुछ दिन पहले कश्मीर को पाकिस्तान की गले की नस बताया था, जिस पर नई दिल्ली की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई थी।

## चीन ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की

**बीजिंग।** चीन ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की बुधवार को कड़ी निंदा की। इस हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने यहां मीडिया को भारत में हुए इस हमले के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा, चीन ने इन खबरों पर गौर किया है। उन्होंने कहा, हम इस हमले की कड़ी निंदा करते हैं और आतंकवाद के सभी रूपों का चीन पूरी दृढ़ता से विरोध करता है। हम मारे गए लोगों के लिए शोक व्यक्त करते हैं और शोक संतप्त परिवारों एवं घायलों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। इसके अलावा, भारत में चीन के राजदूत जू फेइहोंग ने भी हमले की निंदा की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, पहलगाम में हुए हमले से स्तब्ध हूं और इसकी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा, पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना और घायलों तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति सच्ची सहानुभूति। सभी प्रकार के आतंकवाद का विरोध करते हैं। कश्मीर के पहलगाम में एक प्रमुख पर्यटन स्थल पर मंगलवार को आतंकवादियों के हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए। मृतकों में ज्यादातर पर्यटक थे। यह 2019 में पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला है।

भारत में दो रिफाइनरियां स्थापित करने के लिए सहयोग करने पर सहमति जताई

# मोदी ने सऊदी क्राउन प्रिंस से बातचीत की, दोनों ने जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की निंदा की

» जेद्दा, भाषा।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने भारत और सऊदी अरब के बीच दोस्ती को और मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित रणनीतिक साझेदारी परिषद की बैठक की सह-अध्यक्षता की और इसी बैठक में उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद मंगलवार रात को अपनी दो दिवसीय यात्रा को संक्षिप्त करने का फैसला किया और नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। पहले प्रधानमंत्री मोदी का बुधवार रात को भारत लौटने का कार्यक्रम था। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। मोदी ने कश्मीर की स्थिति का आकलन करने के लिए क्राउन प्रिंस के साथ अपनी निर्धारित बैठक भी कम से कम दो घंटे के लिए स्थगित कर दी। प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा सहित दो नई मंत्रिस्तरीय समितियां बनाईं और भारत में दो रिफाइनरियां स्थापित करने के लिए सहयोग करने पर सहमति जताई।**

उन्होंने अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, डोपिंग रोधी शिक्षा और डाक सहयोग के क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा,चर्चाएं रक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा और लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के नए रास्ते तलाशने पर केंद्रित रहीं, ताकि भारत-सऊदी अरब द्विपक्षीय संबंधों को और गहराई दी जा सके। पोस्ट में कहा गया है कि मोदी और क्राउन प्रिंस ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों तथा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईईसी) पहल के तहत जारी सहयोग पर भी विचार साझा किए। इससे पहले, मोदी का अल सलाम पैलेस में औपचारिक स्वागत किया गया, जहां क्राउन प्रिंस मोहम्मद ने उनका स्वागत किया। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी द्वारा साझा की गई तस्वीरों के अनुसार, दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। इसके बाद विस्तृत द्विपक्षीय चर्चा हुई और रणनीतिक साझेदारी परिषद की बैठक हुई, जिसकी स्थापना द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री की 2019 की यात्रा के दौरान की गई थी। सऊदी अरब में भारतीय राजदूत सुहेल एजाज खान ने कहा कि बैठक की शुरुआत में भारत में हुए दुर्भाग्यपूर्ण आतंकी हमले का उल्लेख किया गया। राजदूत ने कहा, दोनों नेताओं ने आतंकी हमले की निंदा की। क्राउन प्रिंस ने अपनी संवेदना जताई और इस संबंध में हमें हरसंभव मदद की पेशकश की।

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की

» लंदन, भाषा।



**ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की है। स्टॉर्मर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कश्मीर में हुआ भयानक आतंकवादी हमला बेहद विनाशकारी है। मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों, उनके प्रियजनों और भारत के लोगों के साथ हैं। आतंकवादियों ने मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थल पहलगाम में हमला किया जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमले के बाद सऊदी अरब की अपनी यात्रा बीच में ही समाप्त कर बुधवार को भारत लौट आए। विदेश मंत्री डेविड लैमी ने भी इस हमले को कायरतापूर्ण कृत्य बताया है। लैमी ने कहा, मैं कश्मीर में हुए भयानक और कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले से स्तब्ध हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो इस हमले में प्रभावित हुए हैं, खासकर उन लोगों के साथ जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है।**

राष्ट्रमंडल राष्ट्रों की महासचिव शर्ली अयोर्कर बोचवे ने एक बयान जारी कर कहा कि संगठन इस समय भारत के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। उन्होंने कहा, राष्ट्रमंडल एक स्वर में कहता है कि आतंकवादी शांति, समावेशिता, सहिष्णुता, सम्मान और समझ के हमारे मूल्यों को कमजोर करने के अपने विभाजनकारी मिशन में सफल नहीं होंगे। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद के सभी कृत्यों की निंदा करते हैं, चाहे वे किसी भी रूप में हों या जहां भी हों या किसी के द्वारा भी किए गए हों, जिसके परिणामस्वरूप लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी हो। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने इस क्षेत्र की यात्रा को लेकर अपने परामर्श में कहा, एफसीडीओ ने जम्मू-कश्मीर क्षेत्र (पहलगाम, गुलमर्ग, सोनमर्ग, श्रीनगर शहर और जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग समेत) की यात्रा न करने की सलाह दी है। इस बीच, ब्रिटेन में प्रवासी समूहों ने भी लोकप्रिय पर्यटक स्थल में पर्यटकों की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना की सोशल मीडिया पर निंदा की। फ्रेंड्स ऑफ इंडिया सोसाइटी इंटरनेशनल (एफआईएसआई) ने एक बयान में कहा, एफआईएसआई यूके जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है।

न्यूज ब्रीफ

## पोप पसिस की पार्थिव देह अंतिम दर्शन के लिए सेंट पीटर्स बेसिलिका ले जाने की रस्म शुरु

» वेटिकन सिटी, भाषा।



**कैथलिक पादरियों ने बुधवार को पोप फ्रांसिस के पार्थिव शरीर को वेटिकन होटल में उनके घर से तीन दिन तक उनके सार्वजनिक अंतिम दर्शन के लिए सेंट पीटर्स बेसिलिका में स्थानांतरित करने की रस्म संपन्न की। नए पोप के चुने जाने तक वेटिकन प्रशासन का कामकाज देख रहे कार्डिनल केविन फेरेल ने डोमस सेंटा मार्टा होटल के चैपल में समारोह की अध्यक्षता की, जहां फ्रांसिस रहते थे। लाल रंग के परिधान और टोपी पहने पादरियों ने प्रार्थना की। फ्रांसिस के ताबूत के दोनों ओर चार स्विस गार्ड खड़े थे। बाहर, लंबी मोमबत्तियां लिए पादरी जुलूस का नेतृत्व करने के लिए प्रतीक्षा कर रहे थे। बेसिलिका में इस जुलूस को प्रवेश करते हुए देखने के लिए सेंट पीटर्स स्क्वायर पर आम लोग उमड़ पड़े।**

वेटिकन निवासियों और पोप के परिवार के लिए निजी दर्शन के वास्ते फ्रांसिस की पार्थिव देह को पहली बार सेंटा मार्टा डोमस में रखा गया। शनिवार को सेंट पीटर्स स्क्वायर में होने वाले फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों के शामिल होने की उम्मीद है, लेकिन तीन दिन तक चलने वाला यह सार्वजनिक अंतिम दर्शन मुख्य रूप से आम कैथलिकों के लिए है जो 88 वर्षीय पोप के निधन के बाद शोक में शामिल होना चाहते हैं और उनकी अंतिम झलक पाना चाहते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी पोप के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए शुक्रवार सुबह वाशिंगटन से रोम रवाना होने की योजना बना रहे हैं। वह अंतिम संस्कार संपन्न होने के बाद शनिवार शाम को लौट जाएंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत में राष्ट्रपति के यात्रा कार्यक्रम की जानकारी दी।

# रूस-यूक्रेन युद्ध पर विराम लगाने के लिए लंदन में होने वाली अहम बैठक टली

» कीव , भाषा।

**रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से चल रहे युद्ध के समापन के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में प्रगति के नाममात्र संकेत के बीच इन दोनों देशों के बीच संघर्षविराम समझौते को लेकर ब्रिटेन, अमेरिका, फ्रांस और यूक्रेन के राजनयिकों के बीच निर्धारित बैठक आखिरी घड़ी में टल गई। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने घोषणा की थी कि लंदन में होने वाली वार्ता में केवल निचले स्तर के अधिकारी ही शामिल होंगे। उससे पहले मंगलवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि विदेश मंत्री मार्को रुबियो पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के चलते इसमें भाग लेने में असमर्थ हैं। रुबियो के अचानक पीछे हटने से वार्ता की दिशा को लेकर संदेह पैदा हो गया।**



यह तब हुआ जब यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेन्स्की ने किसी भी संभावित शांति समझौते के हिस्से के रूप में रूस को अपने देश का कोई भी इलाका सौंपने से इनकार कर दिया और इसे एक बेकार की बात कहा। यूक्रेनी नेता ने मंगलवार को उन खबरों के जवाब में यह बात कही, जिनमें कहा गया था कि ट्रंप प्रशासन एक ऐसे सौदे का प्रस्ताव पेश करने जा रहा है, जो रूस को संभावित शांति समझौते के हिस्से के रूप में, कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्र को अपने पास रखने की अनुमति देगा। वार्ताकार तो 30 दिन का सीमित युद्धविराम भी सुनिश्चित नहीं कर पाए क्योंकि दोनों पक्ष 1,000 किलोमीटर लंबी अग्रिम सीमा पर एक-दूसरे पर लगातार आक्रमण कर रहे हैं। क्षेत्रीय प्रमुख सेरही ल्यासक ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि बुधवार सुबह पूर्वी यूक्रेन में दिनप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र के मार्गनेत्स में एक रूसी ड्रोन ने श्रमिकों को ले जा रही बस पर हमला किया, जिसमें सात महिलाओं और दो पुरुषों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इस हमले में 40 से अधिक लोग घायल भी हो गए। अमेरिकी योजना में बदलाव के बावजूद यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल लंदन पहुंचा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध को समाप्त करने पर जोर दिया है और पिछले सप्ताह कहा कि वार्ता अपने चरम पर पहुंच रही है। हालांकि, इससे पहले रुबियो ने कहा था कि अगर वार्ता में प्रगति नहीं होती है तो अमेरिका जल्द ही वार्ता से पीछे हट सकता है। रुबियो ने संकेत दिया था कि बुधवार की बैठक यह निर्धारित करने में निर्णायक हो सकती है कि ट्रंप प्रशासन इसमें शामिल रहेगा या नहीं। बैठक के लिए अब भी भाग लेने को यूक्रेन और रूस के लिए ट्रंप के दूत सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल कीथ केलॉग हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख एंड्री यरमक ने एक्स पर कहा कि बदलावों के बावजूद उनके, विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा और रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव का एक प्रतिनिधिमंडल वार्ता के लिए लंदन पहुंच गया है। यरमक ने कहा, शांति का मार्ग आसान नहीं है, लेकिन यूक्रेन शांतिपूर्ण प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध रहा है और रहेगा। रूसी अधिकारियों के अनुसार, अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के इस सप्ताह के अंत में फिर से मास्को आने की उम्मीद है। ज़ेलेंस्की ने मास्को को यूक्रेन के इलाके सौंपने से इनकार कर दिया। लंदन में योजनाओं में अचानक बदलाव इस अटकल के बीच हुआ कि अमेरिका संभावित शांति समझौते के तहत यूक्रेन पर रूस को उसके कब्जे वाले इलाके सौंपने के लिए दबाव डालेगा।

## मरमारा सागर में भूकंप से इस्तांबुल हिला, किसी के हताहत होने की खबर नहीं



» इस्तांबुल, भाषा।

**तुर्किए की आपात प्रबंधन एजेंसी ने बुधवार को बताया कि इस्तांबुल में 6.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि किसी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 6.2 थी और इसकी गहराई 10 किलोमीटर थी।एजेंसी ने बताया कि भूकंप का केंद्र इस्तांबुल से लगभग 40 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में मरमारा सागर में था।**

खबर के अनुसार, भूकंप के झटके कई पड़ोसी क्षेत्रों में महसूस किए गय। तुर्किए में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। तुर्किए में छह फरवरी, 2023 को 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसके कुछ घंटों बाद आए दूसरे शक्तिशाली भूकंप ने तुर्किए में सैकड़ों इमारतों को नष्ट कर दिया। भूकंप में 53,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। पड़ोसी सीरिया में 6,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी।

## यमन के हूती विद्रोहियों ने उत्तरी इजराइल को निशाना बनाकर मिसाइल दागी

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार को तड़के इज़राइल के उत्तरी क्षेत्र की ओर मिसाइल दागी। इज़राइली सेना के अनुसार, मिसाइल को इंटरसेप्टर के ज़रिए सफलतापूर्वक मार गिराया गया। यह हमला उस वक्त हुआ है जब अमेरिका पिछले एक महीने से हूती विद्रोहियों पर लगातार हवाई हमले कर रहा है। इजराइली सेना के अनुसार, हमले के बाद हाइफा, क्रायोट और गलील सागर के पश्चिमी इलाकों में सायरन बजाए गए और लोगों ने धमाकों की आवाजें सुनीं। हूती विद्रोहियों ने हमले की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है। आमतौर पर वे हमलों की पुष्टि में देरी करते हैं। अमेरिकी हवाई हमले बुधवार को जारी रहे। हूती विद्रोहियों के अनुसार, होदेदा, मारीब और सादा प्रांत में हमले किए गए, जिनमें मारीब में दूरसंचार उपकरणों को भी निशाना बनाया गया। ये उपकरण पहले अमेरिकी हमलों के केंद्र में रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ताजा हमलों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हूती समूह भी नियंत्रित इलाकों की जानकारी साझा नहीं कर रहा है।

शेनझोउ-20 चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम का 35वां उड़ान मिशन

# चीन अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर तीन अंतरिक्ष यात्रियों को भेजेगा

» बीजिंग, भाषा।

**चीन बृहस्पतिवार को अपने 10वें अंतरिक्ष दिवस के मौके पर अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर तीन अंतरिक्ष यात्रियों को भेजेगा, जो पिछले छह महीने से स्टेशन पर तैनात अपने सहयोगियों की जगह लेंगे। यह घोषणा बुधवार को की गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) के प्रवक्ता लिन जिकियांग ने उत्तर-पश्चिम चीन के जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र में संवाददाताओं को बताया कि चालक दल के साथ शेनझोउ-20 अंतरिक्ष मिशन को बृहस्पतिवार को बीजिंग के समयानुसार शाम 5:17 बजे इस केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा।**



सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि अंतरिक्ष यान में तीन अंतरिक्ष यात्री होंगे - चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जी। चेन डोंग कमांडर के रूप में कार्य करेंगे। लिन ने कहा कि चालक दल जेब्राफिश , सूक्ष्म जीव प्लैनेरियन और एक तरह के बैक्टीरिया स्ट्रेप्टोमाइस से जुड़े नए प्रयोग करेगा। चीन ने 24 अप्रैल, 1970 को अपने पहले उपग्रह, डोंगफैंगहोंग-1 के सफल प्रक्षेपण को चिह्नित करने के लिए 2016 में इस दिन को अपना अंतरिक्ष दिवस घोषित किया था। शेनझोउ-20 चीन के मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम का 35वां उड़ान मिशन है, और चीन के अंतरिक्ष स्टेशन के अनुप्रयोग और विकास चरण के दौरान पांचवां चालक दल मिशन है। चालक दल इस साल अक्टूबर के अंत में उत्तरी चीन में डोंगफेंग लैंडिंग साइट पर लौट सकता है। चीन ने अपना अंतरिक्ष स्टेशन तब बनाया जब कथित तौर पर इसे इन चिंताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से बाहर कर दिया गया कि चीन के अंतरिक्ष कार्यक्रम को उसकी सेना, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा संचालित किया जाता है। यह वर्तमान में एकमात्र ऐसा देश है जिसका अपना अंतरिक्ष स्टेशन है जबकि आईएसएस कई देशों की संयुक्त परियोजना है।

## अपने अंतरिक्ष स्टेशन के संयुक्त मिशन के लिए दो पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण देगा चीन

**बीजिंग।** चीन की मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को घोषणा की कि देश के अंतरिक्ष स्टेशन के एक संयुक्त मिशन में भाग लेने के लिहाज से चीन में अंतरिक्ष उड़ान प्रशिक्षण के लिए पाकिस्तान के दो अंतरिक्ष यात्रियों को चुना जाएगा। सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने चीन की मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी .... सीएमएसए) के हवाले से कहा कि दोनों पाकिस्तानियों में से एक को पेलोड विशेषज्ञ के तौर पर संयुक्त अंतरिक्ष मिशन में भाग लेने का मौका मिलेगा। सीएमएसए प्रवक्ता ने उत्तर पमि चीन के जिउक्‍आन में मीडिया से बातचीत में यह जानकारी दी।फरवरी में, सीएमएसए ने घोषणा की थी कि चीन अपने मित्र देश पाकिस्तान से एक अंतरिक्ष यात्री को अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर पहले विदेशी मेहमान के रूप में भेजने की योजना बना रहा है, जो वर्तमान में पृथ्वी से 400 किलोमीटर ऊपर कक्षा में चक्कर लगा रहा है।

# विश्व आर्थिक मंच ने संस्थापक क्लॉस श्वाब के खिलाफ स्वतंत्र जांच शुरू करने का समर्थन किया

» जिनेवा, भाषा।




**विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने कहा है कि उसके निदेशक मंडल ने संस्थापक क्लॉस श्वाब पर गड़बड़ी के आरोपों की स्वतंत्र जांच के लिए सर्वसम्मति से समर्थन दिया है। डब्ल्यूईएफ ने स्विट्जरलैंड के दावोस में वार्षिक सभा आयोजित किया है। मंगलवार देर रात जिनेवा स्थित डब्ल्यूईएफ का बयान समाचार पत्र वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के बाद आया, जिसमें 87 वर्षीय श्वाब और उनकी पत्नी हिल्डे द्वारा वित्तीय और नैतिक गड़बड़ी करने का आरोप लगाने वाले एक व्हिसल ब्लोअर पत्र का हवाला दिया गया था। समाचार पत्र ने बताया कि ये आरोप पिछले सप्ताह बोर्ड को एक गुमनाम पत्र में भेजे गए थे। पत्र में दावा किया गया था कि श्वाब परिवार ने अपने व्यक्तिगत मामलों को मंच के संसाधनों के साथ मिला दिया।**

एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को भेजे गए एक बयान में मंच ने कहा कि बोर्ड ने जोखिम और लेखा परीक्षा समिति द्वारा जांच शुरू करने के निर्णय पर सहमति व्यक्त की है। बोर्ड में पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति अल गोर, जॉर्डन की रानी रानिया और यूरोपीय केंद्रीय बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड शामिल हैं। बयान में कहा गया, हालांकि मंच इन आरोपों को गंभीरता से लेता है, लेकिन वह इस बात पर जोर देता है कि येआरोप अभी तक साबित नहीं हुए हैं, तथा आगे कोई टिप्पणी करने से पहले जांच के परिणाम की प्रतीक्षा की जाएगी। हालांकि, इस संदर्भ में फिलहाल श्वाब या उनके जुड़े व्यक्ति से संपर्क नहीं हो पाया है। ये आरोप मंच द्वारा यह घोषणा किए जाने के दो दिन बाद सामने आए कि श्वाब चेयरमैन के पद से तत्काल प्रभाव से सेवानिवृत्त हो गए हैं, और नेस्ले के पूर्व चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर ब्रेबेक-लेटमैथे अंतरिम चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,